
उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी.....

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

वर्षः 11 || अंकः7 || पृष्ठः 8 || मूल्य 2:00/- रुपए || कानपुर || सोमवार || 16 मार्च-2026




अंदर के पृष्ठ पर

कंटेनर- ट्रेलर व 54 यात्रियों से भरी बस आपस में टकराई 2 की हुई मौत, 20 घायल 8

कोलकाता में पीएम मोदी की रैली से पहले भाजपा-तृणमूल कार्यकर्ताओं में झड़प,पथराव 5

## चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में मतदान 9 अप्रैल से शुरू होगा, बंगाल में 2 चरणों में होगा चुनाव, मतगणना 4 मई को होगी

» बीपीएस न्यूज

नयी दिल्ली। भारत निर्वाचन आयोग 15 मार्च (रविवार) को शाम 4-00 बजे एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों के लिए मतदान कार्यक्रम की घोषणा की। इसके अनुसार, मतदान 9 अप्रैल को शुरू होगा और वोटों की गिनती 4 मई को होगी।

चुनाव आयोग के अनुसार, असम, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में चुनाव एक ही चरण में 9 अप्रैल को होंगे। तमिलनाडु में मतदान 23 अप्रैल को होगा।

वहीं, पश्चिम बंगाल में चुनाव दो चरणों में होंगे, जिसमें मतदान 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को निर्धारित है। आयोग ने बताया कि



सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के वोटों की गिनती 4 मई को होगी।

इसके अलावा चुनाव आयोग ने बताया कि असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव कराने के लिए लगभग 25 लाख चुनाव अधिकारियों को तैनात किया जाएगा।

इन कर्मियों में मतदान कर्मचारी, सुरक्षा बल और प्रशासनिक अधिकारी शामिल होंगे, जो चुनाव प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं को संभालने और यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होंगे कि मतदान स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो।

चुनाव आयोग ने कहा कि चुनाव वाले पाँच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में 2.19 लाख से ज़्यादा मतदान केंद्र बनाए जाएँगे। अधिकारियों ने बताया कि मतदाताओं के लिए मतदान को सुलभ और सुचारू बनाने के लिए व्यापक तैयारियाँ की गई हैं। मतदान केंद्रों की यह बड़ी संख्या, अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों में होने वाली इस चुनावी प्रक्रिया के विशाल पैमाने को दर्शाती है। मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता और निगरानी को मज़बूत करने के लिए, 2026 के विधानसभा चुनावों के दौरान चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के सभी मतदान केंद्रों पर 100 प्रतिशत वेबकास्टिंग की सुविधा उपलब्ध कराएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को कहा कि चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में होने वाले चुनावों को 20 से ज़्यादा देशों के चुनाव आयोगों के प्रतिनिधि भी देखेंगे।

इन प्रतिनिधियों को भारत में चुनावों के उत्सवपूर्ण, पारदर्शी और कुशल संचालन को देखने के लिए आमंत्रित किया गया है।

## देश में एलपीजी की बुकिंग में आई कमी सरकार ने कहा, हमारे पास स्टॉक भरपूर, पैनिक में न करें सिलेंडर बुक

» बीपीएस न्यूज

नयी दिल्ली। सरकार ने दावा किया है कि देश में पेट्रोल, डीजल और कुकिंग गैस की कोई कमी नहीं है। रोजाना अपडेट में बताया गया है कि पश्चिम एशिया के संकट के बावजूद सप्लाई पूरी तरह स्थिर है।

तेल कंपनियां लोगों से अपील कर रही हैं कि घबराकर सिलेंडर बुक करने या गैस एजेंसियों के बाहर लाइन लगाने की जरूरत नहीं है। इसके लिए वे कैंपेन भी चला रही हैं। कंपनियों का कहना है कि देश में [illegible] का स्टॉक पर्याप्त है। सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और कच्चे तेल का भी अच्छा भंडार मौजूद है।सरकार के मुताबिक पेट्रोल और डीजल की भी देश में पर्याप्त उपलब्धता है, इसलिए फिलहाल इनकी अतिरिक्त आयात की जरूरत नहीं है। पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों पर कहीं भी सप्लाई की कमी नहीं है। ट्रक और टैंकरों के जरिए नियमित रूप से ईंधन की सप्लाई की जा रही है।सरकार ने कहा कि अभी घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी जा रही है। साथ ही अस्पतालों और स्कूलों जैसी जरूरी जगहों पर गैस की कमी नहीं होने दी जाएगी। बिहार, दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान जैसे कई राज्यों ने नॉन-डोमेस्टिक के आवंटन के लिए आदेश भी जारी किए हैं और वे सरकार के दिशा-निर्देशों के मुताबिक काम कर रहे हैं।देशभर में राज्य सरकारें होर्डिंग और ब्लैक मार्केटिंग को रोकने के लिए कड़े कदम उठा रही हैं। आंध्र प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में रेड्स चल रही हैं, जहां गैस सिलेंडरों की जमाखोरी की जांच हो रही है। तेल कंपनियों के अधिकारी भी गैस डिस्ट्रीब्यूटर्स पर सरप्राइज चेक कर रहे हैं। इससे सप्लाई में कोई गड़बड़ी न हो, ये सुनिश्चित किया जा रहा है।सरकार ने लोगों से कहा है कि घबराकर पेट्रोल या डीजल खरीदने की जरूरत नहीं है, क्योंकि पूरे देश में इनका पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। जरूरी सेक्टरों को नेचुरल गैस की पूरी सप्लाई दी जा रही है। पाइप्ड नेचुरल गैस और [illegible] के लिए 100 प्रतिशत सप्लाई जारी है, जबकि इंडस्ट्री और कमर्शियल यूजर्स को करीब 80 प्रतिशत गैस मिल रही है। कमर्शियल [illegible] सिलेंडर राज्य सरकारों को दिए गए हैं, ताकि उन्हें जरूरत वाली जगहों पर पहले पहुंचाया जा सके।

## लखनऊ समेत कई जिलों में तेज हवा और बूंदाबांदी, ओलावृष्टि का अलर्ट

लखनऊ उत्तर प्रदेश में राजधानी लखनऊ समेत तराई और पश्चिमी इलाकों में रविवार को मौसम ने अचानक करवट ले लिया। राजधानी में सुबह बूंदाबांदी के साथ धूलभरी आंधी चली। कुछ समय के लिए आसमान घने काले बादलों से घिर गया। सुबह काम पर निकलने वाले कई लोग एहतियात के तौर पर रेनकोट पहने नजर आए। वहीं प्रदेश के पश्चिमी जिलों और एनसीआर के नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, मुजफ्फरनगर तथा अयोध्या समेत करीब 15 शहरों में तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई।

मौसम विभाग ने प्रदेश के 35 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश और 10 जिलों में ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। विभाग का अनुमान है कि अगले 48 घंटे तक प्रदेश में मौसम का मिजाज इसी तरह बदलता रहेगा।बारिश और तेज हवाओं का असर खेती किसानी पर भी दिखा। कई इलाकों में खड़ी फसलें झुक गईं, जिससे किसानों की चिंता बढ़ी है। हालांकि तापमान में आई गिरावट से लोगों को उमस और बढ़ती गर्मी से कुछ राहत जरूर मिली है।आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश के कई जिलों में हल्की बारिश का दौर शुरू हो गया है। अगले दो दिनों तक पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्रों में बारिश की संभावना है और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। कुछ स्थानों पर ओले गिरने की भी आशंका है। इसके अलावा 19 मार्च से एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इसका असर प्रदेश के मौसम पर व्यापक रूप से पड़ सकता है।


### ईरान का बड़ा दावा

## 9/11 जैसा फर्जी हमला कर सकते हैं हमारे दुश्मन अली लारिजानी ने एपस्टीन से जोड़ा कनेक्शन

» बीपीएस न्यूज

तेहरान। पश्चिम एशिया में जारी जंग के बीच ईरान की तरफ से दावा किया गया है कि एपस्टीन नेटवर्क से जुड़े कुछ लोग अमेरिका पर 9/11 जैसा आतंकी हमला कर सकते हैं और इसका आरोप ईरान पर लगा सकते हैं।

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने एक बड़ा और चौंकाने वाला दावा किया है। ईरान के सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारिजानी ने कहा है कि दिवंगत अमेरिकी कारोबारी जेफरी एपस्टीन के नेटवर्क से जुड़े कुछ लोग कथित तौर पर 11 सितंबर 2001 जैसे आतंकी हमले की साजिश रच रहे हैं, ताकि उसका आरोप ईरान पर लगाया जा सके। लारिजानी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि एपस्टीन नेटवर्क के बचे हुए सदस्य



9/11 जैसी घटना कराने की योजना बना रहे हैं और इसके लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराने की कोशिश हो सकती है। उन्होंने कहा कि ईरान ऐसी किसी भी आतंकी साजिश का कड़ा विरोध करता है और उसका अमेरिकी जनता से कोई दुश्मनी नहीं है।

यह बयान ऐसे समय आया है जब पश्चिम एशिया में हालात काफी तनावपूर्ण हैं। हाल के दिनों में अमेरिका और इस्राइल ने ईरान से जुड़े ठिकानों पर कई हमले किए हैं। वहीं इस्राइल ने लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों को भी निशाना बनाया है। इसके जवाब में ईरान ने इस्राइल की ओर कई मिसाइल हमले किए और इराक तथा कुवैत में अमेरिकी ठिकानों पर हमले का भी दावा किया है।क्या है 9/11 आतंकी हमला?

दरअसल, 11 सितंबर 2001 को अमेरिका में हुआ आतंकी हमला आधुनिक इतिहास के सबसे भयावह हमलों में से एक माना जाता है। उस दिन अल-कायदा से जुड़े 19 आतंकियों ने चार यात्री विमानों को हाईजैक कर लिया था। इनमें से दो विमानों को न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की जुड़वां इमारतों से टकरा दिया गया, जिससे कुछ ही घंटों में दोनों टावर ढह गए। एक विमान वर्जीनिया मौजूद पेंटागन से टकराया, जबकि चौथा विमान पेनसिल्वेनिया में गिर गया। इन हमलों में करीब 3,000 लोगों की मौत हुई थी।

ईरान के सरकारी और उससे जुड़े मीडिया लंबे समय से एपस्टीन के पश्चिमी देशों के कई प्रभावशाली राजनेताओं और कारोबारियों से संबंधों का जिक्र करते रहे हैं।

## राहुल गांधी ने कांशीराम को भारत रत्न देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा



नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बहुजन समाज के नेता कांशीराम की जयंती पर उनको मरणोपरांत भारत रत्न देने की मांग की है। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आधिकारिक पत्र लिखकर पत्र लिखकर कहा कि कांशीराम ने भारतीय राजनीति की प्रकृति को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने अपने आंदोलनों के माध्यम से बहुजनों और गरीबों के बीच राजनीतिक जागरूकता बढ़ाई।राहुल गांधी ने कहा कि भारतीय संविधान सभी नागरिकों को समानता, गरिमा और भागीदारी का अधिकार देता है। कांशीराम ने समाज के सबसे निचले तबके तक इन अधिकारों को सार्थक बनाने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। इससे भारतीय लोकतंत्र की नींव मजबूत हुई और राजनीतिक व्यवस्था अधिक प्रतिनिधिक तथा न्यायपूर्ण बनी। उन्होंने कहा कि कई वर्षों से दलित बुद्धिजीवी, नेता और सामाजिक कार्यकर्ता कांशीराम को भारत रत्न देने की मांग करते रहे हैं।पत्र में राहुल गांधी ने कहा कि कांशीराम ने लोगों को यह याद दिलाया कि उनका वोट, उनकी आवाज और उनका प्रतिनिधित्व महत्वपूर्ण है और यह देश सभी का समान रूप से है। उनके प्रयासों के कारण उन लोगों ने राजनीति को न्याय और समानता हासिल करने का माध्यम माना, जिन्होंने कभी सार्वजनिक जीवन में आने के बारे में नहीं सोचा था। राहुल गांधी ने कहा कि कांशीराम को मरणोपरांत भारत रत्न देने से राष्ट्र के प्रति उनके विशाल योगदान को मान्यता मिलेगी और उन लाखों लोगों की आकांक्षाओं का सम्मान होगा, जो उन्हें सशक्तिकरण और आशा के प्रतीक के रूप में देखते हैं।

### मणिशंकर अय्यर का पीएम मोदी पर बड़ा हमला

## पूछा-वड़नगर में प्लेटफॉर्म नहीं तो चाय कहां बेची?

» बीपीएस न्यूज



नई दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी पर निशाना साधा है। जयपुर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने राम मंदिर के उद्घाटन और हिंदुत्व के मुद्दे पर तीखी आलोचना की। अय्यर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सभी शंकराचार्यों को नजरअंदाज करते हुए खुद मंदिर का उद्घाटन किया, जो उनकी नजर में धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ है। उनके अनुसार, देश के प्रधानमंत्री का अपना कोई निजी धर्म नहीं होना चाहिए।मुस्लिम समाज और तीन तलाक के मुद्दे पर बोलते हुए अय्यर ने कहा कि बीजेपी इसे लेकर गलत दावे कर रही है।

उन्होंने तर्क दिया कि कुरान के अनुसार चार पत्नियां रखना तभी मुमकिन है जब सबका समान ध्यान रखा जाए, जो कि बहुत कठिन है। उन्होंने एक पुरानी जांच समिति (गोपाल सिंह समिति) का हवाला देते हुए दावा किया कि हिंदुओं और सिखों में दो पत्नियां रखने का चलन मुसलमानों से ज्यादा पाया गया था। अय्यर ने सवाल उठाया कि तीन तलाक रोककर मुस्लिम महिलाओं को आजाद करने का दावा करना कैसा हिंदुत्व है।

अय्यर ने लव जिहाद शब्द पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि प्यार में जिहाद या बदला नहीं हो सकता और यह शब्द सिर्फ बीजेपी के लोगों की देन है। इसके अलावा, उन्होंने पीएम मोदी द्वारा उन पर किए गए पुराने हमलों का भी जवाब दिया। अय्यर ने सफाई दी कि उन्होंने प्रधानमंत्री को नीच नहीं बल्कि नीच किस्म का आदमी कहा था और उनके शब्दों को गलत तरीके से पेश किया गया। उन्होंने पीएम मोदी के ऐतिहासिक ज्ञान पर भी सवाल उठाए और कहा कि जिन्हें नालंदा और तक्षशिला की सही जानकारी नहीं, वे नेहरू की जगह कैसे ले सकते हैं।

प्रधानमंत्री के चाय बेचने वाले अतीत पर भी अय्यर ने बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मोदी जी के गृहनगर वड़नगर में 1973 तक कोई रेलवे प्लेटफॉर्म ही नहीं था, तो उन्होंने चाय कहां बेची? अय्यर ने आरोप लगाया कि इस तरह के झूठे दावों और अफवाहों के जरिए वे सत्ता तक पहुंचे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि देश में मुसलमानों के खिलाफ ऐसी बातें फैलाई गई हैं जिससे आज का समाज पूरी तरह सांप्रदायिक हो गया है।

## यूपी दरोगा भर्ती परीक्षा में 'पंडित' विकल्प से मचा बवाल, मनोज मुंतशिर ने की जिम्मेदार पर कार्रवाई की मांग

### बीजेपी केंद्रीय नेतृत्व पहुंचा मामला



» बीपीएस न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2026 के पहले ही दिन यानी 14 मार्च को एक सवाल के विकल्प भारी बवाल मच गया है। हिंदी खंड में पूछे गए एक सवाल 'अवसर के अनुसार बदल जाने वाला' के विकल्प में 'पंडित' शब्द को लेकर अब नई बहस छिड़ गई है।इस प्रश्न पेपर के वायरल होने के बाद कई नामी शख्सियतों के रिएक्शन सामने आ रहे हैं। अब इस मामले पर प्रसिद्ध भारतीय गीतकार मनोज मुंतशिर का भी पोस्ट सामने आया है। मनोज मुंतशिर ने इस प्रश्न पर सवाल खड़े करते हुए एक्स पर एक पोस्ट किया है। उन्होंने पोस्ट में लिखा- 'दरोगा भर्ती परीक्षा में पूछा गया है 'अवसर के अनुसार बदल जाने वाला क्या कहलाता है' और ऑप्शन में 'पंडित' लिखा है।ये प्रश्नपत्र जिसने भी तैयार किया है, सरकार उसे फौरन दण्डित और निलंबित नहीं करती, तो इस देश के हर सवर्ण और ब्राह्मण को स्पष्ट संकेत जाएगा कि सत्ता में हमारी सुनने वाला कोई नहीं है। समस्त सवर्णों की ओर से मैं अपनी खुली नाराजगी दर्ज करवाता हूं ।

## एलपीजी किल्लत से परेशान रेस्तरा मेन्यू घटा और कीमतें बढ़ीं, कई जगह कोयले पर बन रहा खाना

» बीपीएस न्यूज

नई दिल्ली। रसोई गैस सिलेंडरों की कमी के कारण भोजनालयों ने अपने मेन्यू में कटौती की है, खाने की चीजों की कीमतें बढ़ा दी हैं और कई रेस्तरां अब इस संकट से निपटने के लिए कोयले का सहारा ले रहे हैं। इस बीच, खाड़ी देशों से एलपीजी सिलेंडर लेकर आ रहे दो भारतीय जहाज शनिवार तड़के होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर गए। जहाजरानी मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने एक प्रेसवार्ता में कहा कि एलपीजी वाहक जहाज शिवालिक और नंदा देवी अब गुजरात के मुंद्रा और कांडला बंदरगाहों की ओर रवाना हो रहे हैं। इन जहाजों में 92,700 टन एलपीजी है। सिन्हा ने बताया कि शिवालिक के 16 मार्च को मुंद्रा पहुंचने और नंदा देवी के अगले दिन यानी 17 मार्च को कांडला पहुंचने की संभावना है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति को प्रभावित किया है क्योंकि ईरान और ओमान के बीच स्थित एक संकरा जलमार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य बंद हो गया है। राजधानी के रेस्तराओं में अब बड़े कॉरपोरेट समारोहों और सामूहिक पार्टियों का आयोजन कम हो गया है। इतना ही नहीं एलपीजी आपूर्ति संकट के कारण रेस्तरां अपने मेन्यू और बुकिंग में कटौती भी कर रहे हैं। कनॉट प्लेस के रेस्तरां मालिकों का कहना है कि बड़े समारोहों के लिए खाना बनाने में काफी गैस की खपत होती है।फ्लेवर्स ऑफ चाइना नाम के रेस्तरां की मालिक परमजीत कौर ने बताया कि एलपीजी की खपत को नियंत्रित करने के लिए रेस्तरां ने कुछ व्यंजनों में कटौती की है और सामूहिक बुकिंग सीमित कर दी है। उन्होंने कहा, ÷हमें स्थिति से निपटने के लिए कुछ बदलाव करने पड़े हैं। उदाहरण के लिए, क्योंकि इसके लिए लगातार और तेज आंच की आवश्यकता होती है। हमने अपने मेन्यू में भी कटौती की है और केवल उन बुनियादी व्यंजनों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिन्हें कम गैस खपत के साथ तैयार किया जा सकता है।÷ शहर के अधिकारियों ने जमाखोरी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कई लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



# अपनी बात....

संपादकीय ............

## जो जीवन नहीं है जल

अक्सर कहा जाता है कि जल ही जीवन है। लेकिन यह जल यदि दूषित हो तो क्या इसे जीवन कहा जा सकता है? यूं तो देश के गांवों में महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन जोर-शोर से चलाया जाता रहा है। लेकिन यह बात परेशान करती है कि पेयजल का बड़ा हिस्सा प्रदूषित पाया गया है। लोग सेहत के लिये हानिकारक जल पीने को मजबूर हैं। फलतः इससे उत्पन्न बीमारियों की चुनौतियों का सामना करने को बाध्य होते हैं। यह हमारे नीति-नियंताओं की विफलता ही कही जाएगी कि देश के करोड़ों लोग आज भी स्वच्छ जल की उपलब्धता से वंचित हैं। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि देश के तमाम इलाकों में लिए गए दूषित पेयजल नमूनों के करीब दो तिहाई हिस्से को शुद्ध करने के प्रयास नहीं हुए हैं। जो इस बात को दर्शाता है कि आज भी देश के करोड़ों लोग स्वच्छ पेयजल हासिल नहीं कर पा रहे हैं। यह स्थिति हमारे विकास के मॉडल व तरक्की के दावों की तार्किकता पर प्रश्न चिन्ह लगाती है। यही वजह है कि दूषित जल से होने वाले रोगों का दायरा बढ़ रहा है। यह अच्छी बात है कि जोर-शोर से घर-घर नल से जल पहुंचाने की सार्थक पहल की गई। निस्संदेह, हर व्यक्ति का अधिकार है कि उसे अपने घर में स्वच्छ पेयजल मिले। इसी मकसद से साल 2019 में जल जीवन मिशन को सिरे चढ़ाया गया था। लेकिन इस योजना के सुरक्षित तरीके से संचालन और स्वच्छ जल आपूर्ति को लेकर सवाल खड़े होते रहे हैं। यह हकीकत है कि जब लोगों को स्वच्छ जल नहीं मिलता तो कई तरह के रोगों के पैदा होने का खतरा उत्पन्न हो जाता है। कहा भी जाता है कि हमारे अधिकांश रोग पेट से ही शुरू होते हैं। खासकर बच्चों व बुजुर्गों के लिये यह एक बेहद संवेदनशील मामला है। जिससे बचने के लिये स्वच्छ जल की आपूर्ति सुनिश्चित करना बेहद जरूरी हो जाता है।

देश में बार-बार स्वच्छ शहर का खिताब हासिल करने वाले मध्यप्रदेश के इंदौर शहर में पिछले दिनों प्रदूषित पेयजल से होने वाली मौतों ने देश में खतरे की घंटी बजायी। घटना ने स्पष्ट संकेत दिया कि यदि इस दिशा में व्यापक स्तर पर प्रयास नहीं किए गए तो आने वाले समय में देश के सामने गंभीर स्वास्थ्य चुनौती पैदा हो सकती है। उल्लेखनीय है कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीणों तक पहुंचाए जा रहे पेयजल की गुणवत्ता की परख के लिये पानी के सैंपल लिए जाते हैं। साथ ही स्वच्छ पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जवाबदेह लोगों के खिलाफ एक्शन भी लिया जाता है। यहां उल्लेखनीय है कि बीते साल जल जीवन मिशन के तहत तमाम राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में पेयजल सैंपलों की जांच की गई। लेकिन चिंताजनक स्थिति यह है कि कुल नमूनों के छब्बीस प्रतिशत को ही शुद्ध करने के प्रयास हुए हैं। आखिर देश के किसी भी भाग में पेयजल के सैंपल लेने का क्या औचित्य रह जाता है, जब प्रदूषित जल को लेकर उपचारात्मक प्रयास न किए जाएं। सवाल केवल ग्रामीण इलाकों के लोगों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने का ही नहीं है, शहरी इलाकों में शुद्ध जल की उपलब्धता भी सुनिश्चित होनी चाहिए। देश के शहरी इलाकों में भी प्रदूषित जल पीने से बीमार होने की खबरें आती रहती हैं।संपन्न लोग तो आरओ तथा फिल्टर आदि वैकल्पिक व्यवस्था कर लेते हैं, लेकिन कमजोर वर्ग व सामान्य लोग दूषित पानी के उपयोग के लिये मजबूर होते हैं। हर नागरिक का मौलिक व जीवन रक्षा का अधिकार जैसा है, जिसे गंभीरता से लेना चाहिए। इंदौर की घटना से सबक लेकर स्थानीय निकायों और प्रशासन को पेयजल व सीवर लाइन को सुरक्षित दूरी पर रखना सुनिश्चित करना चाहिए। जिन इलाकों में पेयजल पाइप लाइन को बिछे दशकों हो गए हैं, वहां उन्हें बदलने का काम युद्धस्तर पर किया जाना चाहिए। साथ ही रोजमर्रा की जरूरतों में काम आने वाले भूजल की गुणवत्ता सुधारने तथा घातक रसायनों से उसे मुक्त कराने की दिशा में गंभीर पहल की जाए।

# साइलेंट किलर' बन सकता है बढ़ता तापमान

निरंजन भंडारी

**भीषण गर्मी से स्वास्थ्य पर गंभीर खतरे हो सकते हैं, जैसे अंगों की क्रियाशीलता बाधित होना, विकलांगता आदि। साथ ही हृदयघात भी हो सकता है। इसके अतिरिक्त, शिक्षा, कृषि, उत्पादकता व जीवन पर भी खतरा मंडरा रहा है। वैज्ञानिकों ने इसे 'साइलेंट किलर' की संज्ञा दी है।दुनिया में बढ़ती गर्मी का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। अनुमान है कि साल 2050 तक, दुनिया के लगभग 41 फीसदी लोग खतरनाक स्तर पर भीषण गर्मी का सामना करने को विवश होंगे। साल 2010 तक यह आंकड़ा महज 23 फीसदी था। यह स्थिति तब होगी जब दुनिया का औसत तापमान औद्योगिक युग से दो डिग्री सेल्सियस बढ़ जाएगा।आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के अध्ययन में यह खुलासा हुआ है कि भारत, नाइजीरिया, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश और फिलीपींस इससे सर्वाधिक प्रभावित होंगे।**



सच तो यह है कि भीषण गर्मी से स्वास्थ्य पर गंभीर खतरे हो सकते हैं, जैसे अंगों की क्रियाशीलता बाधित होना, विकलांगता, चक्कर, सिरदर्द आदि, साथ ही हृदयघात भी हो सकता है। इसके अतिरिक्त, शिक्षा, कृषि, उत्पादकता, जीवन और विस्थापन पर भी खतरा मंडरा रहा है। वैज्ञानिकों ने इसे 'साइलेंट किलर' की संज्ञा दी है। वर्ष 2026 की शुरुआत में ही गर्मी, सूखा और आग की घटनाओं ने चेतावनी दे दी है। यह बदलाव भारत जैसे विकासशील देशों के लिए एक गंभीर संकेत है, क्योंकि भारत की विशाल आबादी और पहले से ही गर्म जलवायु इसे और अधिक संवेदनशील बना देती है। इसका मुख्य कारण 1950 के बाद से लू या हीटवेव की आवृत्ति और तीव्रता में वृद्धि है। कमजोर बुनियादी ढांचे के कारण विकासशील देशों में आर्थिक रूप से कमजोर लोग गर्मी और स्वास्थ्य जोखिमों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं।इंटरनेशनल लेबर आर्गेनाइजेशन के अनुसार, भारत में गर्मी के कारण उत्पादकता में भारी कमी आएगी और जीडीपी में गिरावट होने की आशंका है। वैज्ञानिकों का कहना है कि अमेरिका, चीन और भारत में 23 से 30 अतिरिक्त दिन गर्मी का सामना करना पड़ेगा।

दुनिया के शोधों ने यह साबित कर दिया है कि भीषण गर्मी से प्रभावित देशों की सूची में भारत सबसे ऊपर है। भारत के आधे से अधिक जिले भीषण गर्मी का सामना करेंगे। यह निष्कर्ष 'नेचर सस्टेनेबिलिटी' जर्नल में प्रकाशित रिपोर्ट और 'हाउ एक्सट्रीम हीट इज़ इम्पैक्टिंग इंडिया ः असेसमेंट डिस्ट्रिक्ट लेवल हीट रिस्क-2025' के नाम से सीईईडब्ल्यू के अध्ययन में सामने आया है। इस अध्ययन में सबसे गर्म रातों, यानी 'हॉट नाइट्स', की तादाद में वृद्धि का उल्लेख किया गया है, जिससे हृदय रोग और उससे जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। हीट स्ट्रोक और हृदयाघात की संभावना भी अधिक रहती है।

वैज्ञानिकों के अनुसार, गर्मी का यह असर 1.5 डिग्री की सीमा पार करने से पहले ही दिखने लगेगा। अगले 5 वर्षों में लाखों घरों और दफ्तरों को कूलिंग सिस्टम की जरूरत में बेतहाशा बढ़ोतरी होगी। इसके परिणामस्वरूप, जहां ऊर्जा की मांग बढ़ेगी, वहीं कार्बन उत्सर्जन में भी इजाफा होगा।गौरतलब है कि आज हम गर्मी के बढ़ते प्रभाव पर चर्चा करते हुए पर्यावरण में वृक्षों की महत्ता को नकार रहे हैं। दुख की बात यह है कि विकास के नाम पर हम हर साल लाखों हरे-भरे पेड़ों की बलि दे रहे हैं। यह सिलसिला पूरे देश में बेरोकटोक जारी है, और सरकार मौन है। राजस्थान में ग्रीन एनर्जी के नाम पर हजारों-लाखों खेजड़ी के पेड़ काटे जा रहे हैं। महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष के अनुसार, खेजड़ी की कटाई के कारण इस क्षेत्र का तापमान 7 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया है।

सीईईडब्ल्यू के अनुसार, देश में गर्मी के सबसे अधिक जोखिम वाले राज्यों में दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, गोवा, केरल, राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक और तमिलनाडु शामिल हैं। देश के 417 जिले उच्च जोखिम की श्रेणी में हैं, जबकि 201 जिले मध्यम जोखिम का सामना कर रहे हैं। अब उत्तर भारत के शुष्क क्षेत्रों में भी तटीय इलाकों की उमस बढ़ रही है और सिंधु और गांगेय क्षेत्रों में पिछले दशक के मुकाबले आर्द्रता में 10 फीसदी की वृद्धि हो चुकी है। दिल्ली, कानपुर, वाराणसी, जयपुर जैसे शहरों में आर्द्रता का स्तर 40-50 फीसदी तक पहुंच चुका है।चिंताजनक पहलू यह है कि बढ़ती गर्मी का खतरा सिर्फ शहरी क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और केरल जैसे ग्रामीण इलाके भी इससे प्रभावित हो रहे हैं। खुले आकाश के नीचे काम करने वाले खेतिहर मजदूरों पर इसका सबसे बुरा असर पड़ता है। यूएनईएससीएपी का कहना है कि इन मजदूरों में हीट स्ट्रेस, डिहाइड्रेशन और गर्मी से संबंधित बीमारियां अधिक होती हैं, क्योंकि छाया, पानी और आराम की कमी स्थिति को और गंभीर बना देती है। उन्हें समय पर इलाज भी नहीं मिल पाता।

संयुक्त राष्ट्र ने जोर दिया है कि बढ़ती गर्मी से बचाव के लिए तुरंत ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। इसके लिए मौसम और जलवायु जोखिम की सटीक जानकारी को निर्णय प्रणालियों और अर्ली वार्निंग सिस्टम में शामिल करना होगा। साथ ही, विभिन्न क्षेत्रों के बीच बेहतर समन्वय और इस दिशा में सार्वजनिक निवेश को बढ़ावा देना जरूरी है। यह महज एक चुनौती नहीं, बल्कि भविष्य की सुरक्षा का सवाल भी है।

## उपोषण के बाद सिर्फ कच्चा 'सलाद' खाना शुरू करें

# सलाह के लिए आभार, यहां तो छिड़ा है गैस युद्ध

राजनीतिक विशलेषक एवं पत्रकार जौनपुर यूपी

पंकज सीबी मिश्रा



**यदि आपको लगता है कि गैस की किल्लत के कारण आपके भूखों मरने की नौबत आ गई है तो आप परम अज्ञानी है और इसके लिए केवल सरकार ही दोषी है तो आप कीर्ति आजाद हो गए है। ताज़ा गणित के अनुसार मान लीजिए कि आप उच्च कोटि के चमचे हैं क्योंकि आप गैस के भूखे है। सत्य इन दोनों के बीच में खड़ा है। मेरे एक बंधु की इस अति महत्त्वपूर्ण टिप्पणी को पढ़ लीजिये, जिनके अनुसार देश में पेट्रोल डीजल की ऐसी कोई कमी नहीं किन्तु रसोई गैस के लिए त्राहिमाम मची है। एबीपी के चिल्ल पो द्वारा प्रस्तुत विजुअल्स से बढ़कर विश्वसीय और प्रमाणिक कोई अन्य स्रोत है ही नहीं। और सुनिये मंत्री जी के संसद में दिये गये बयान मात्र झूँठ के अंश है जिसकी विश्वनीयता केजरीवाल है। तो हो जाइये सतर्क खोल दीजिये सरकार के विरुद्ध मोर्चा ! वैसे वस्तु स्थिति यह कि जिन परिवारों के लोग रसोई गैस के सिलिंडरों के प्रयोग को नकारते हुए, चोरी की बिजली से इंडक्शन एवं 'ग्रीन गैस' की सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं वे भी अपने आवास में रिक्त पड़े सिलिंडर्स को खाली दिखाने होड़ में जुट गये।**

इसके अतिरिक्त अधिकांश कनेक्शन धारियों के पास अतिरिक्त सिलिंडर उपलब्ध हैं, वे भी उन सिलिंडर्स को लेकर आपूर्ति कर्ताओं के पास पहुँच गये। अभी हाल की रेड्स में कुछ परिवारों के पास दसियों भरे हुए सिलिंडर पकड़े गये। खेद कि हमारे बीच अनेक ऐसे तत्त्व मिलेंगे जो देश के विरुद्ध बोलने/लिखने का मसाला खोजते रहते हैंज्ज. उनसे भगवान रक्षा करे।पेट्रोल के बारे में तो नहीं, हां रसोई गैस की कमी के समाचार हैं, आज तक ने भी देश के कई भागों से दर्जनों विजुअल्स भी दिखाए, लाइन तोडने के कारण मारपीट भी दिखाई। पर संसद में म?त्री महोदय सफेझूठ बोलते दिखे कि गैस की कोई कमी नही है। मतलब यह कि जनता पागल है जो लाईनों में खड़ी है, रेस्टोरेंट चालक निठल्ले हैं जिन्होंने काम बर्बाद कर दिया, राम रसोई भी बर्बाद हो गई, और सरकार वो है जिसने एक दम 50-60 रू बढ़ा दिए फिर चस्मा लगाकर एस्मा लागू कर दिया, कोयले के नियमों ढील दी, देश के अंदर जो 40त्न गैस उत्पादन है उसका 28त्न बढ़ाने की व्यवस्था की गई। यह सब किस लिए, जनता इतनी भी मूर्ख नहीं कि माननीय मंत्री महोदय द्वारा भरी संसद में बोले सफेद, हां सफेद झूठ पर विश्वास कर लेगी। दिक्कत है। एजेंसियों पर लंबी लंबी कतारें हैं। एजेंसी पर सिलेंडर का एक ट्रक उतरता है लेकिन उससे अधिक लोग खड़े रहते हैं और कुछ को वापस जाना पड़ता है।यदि आपने 2013-14 में गैस उठाया है तो मान लीजिए कि लगभग वही स्थिति है। लेकिन फिर भी दो चार घंटे के परिश्रम के बाद गैस मिल जा रहा है। हम पिछले दस वर्ष से गैस की समय से होम डिलीवरी के आदी हैं, सो तनिक अधिक परेशानी हो रही है। घरेलू गैस बचाने के उपाय ः जितने दिन हो सके उपोषण करें. क्योंकि रोज ठूंसठूंस कर दिन में चार बार खाने से वैसे भी पेट हमेशा ये दूआ मांग रहा होता है कि ना जाने ये 'पेटू' कब थोडी राहत मुझे देंगा. इसलिए इस उपोषण से ना केवल गैस बचेगी अपितु पेट को भी थोडी राहत मिलेगी। उपोषण के बाद सिर्फ कच्चा 'सलाद' खाना शुरू करें. वैसे भी आजकल डाईटेशियन, न्यूट्रेशियन ना जाने कौन-कौन से नूस्खे देते है, तोंद कम करने, चर्बी घटाने के लिए. उनमें सलाद महत्वपूर्ण होता है. अब आप भले ही इसको जानवरों सी जुगाली वाली खूराक मानते हो लेकिन टमाटर, बंद गोभी, गाजर, ब्रोकली, मशरूम डालकर बना हुआ सलाद खा लेना चाहिए, भलें ही मन मसोसकर लेकिन गैस कि किल्लत और स्वास्थ्य की दृष्टि से यह मूफीद है।उसके बाद आईयें अब उबलें भोजन पर. चूंकी गैस बचानी है तो इंडक्शन को वापरियें. और इसमें भी स्टीम वाला भोजन बनाए. जिससे बिजली कि खपत ज्यादा ना हो. पालक, मेथी, बथूआ, घोल, आंबट चूका को एक बाऊल में डालिए और चढा दीजिये इंडक्शन पर. और उबलने पर मस्त नमक, मिर्च छिडकर चलने दीजिये. आखिर गैस कि बचत का सवाल है. और उबला भोजन वैसे भी स्वास्थ्य के लिए अच्छा ही होता है. आप विराट से पूछ ले. वो कहता है मुझे आप रोज महिने उबला, बिना स्वाद वाला भोजन दे मैं खा लूंगा, मुंझे स्वाद से कोई लेनादेना ही नही है। अब बताईये जब देश का नंबर वन क्रिकेटर जिसके पास पैसो कि ÷टकसाल÷ है वो अपने स्वास्थ्य के लिए बारह महिनों उबला भोजन खा सकता है, तो आप हम किस खेत की मूली है. गैस कि किल्लत के लिए इतना तो कर ही सकते है। और इसके बाद समर वैकेशन तो चल ही रहा है तो थोडे बामन बाज बन कर चलें जाईये किसी हील स्टेशन पर सपरिवार और वहाँ जाकर जंगल में रूककर घरवालों को बोल दे कि सब -कुछ यहाँ महंगा है। और फिर वहां भी 'सलाद' कि प्लेट खाते रहे लेकिन याद रखें वहाँ भी यदि आपने परिवार वालों को मनपसंद खाना खाने नहीं दिया, तो वहीं घरवालें वहां से वापस आने के बाद, आपको उसी गैस कि टंकी से बांधकर, पंद्रह दिनों तक कमरें में बंद कर, दरवाजें को ताला लगाकर, चाबी कूडे में भी फेक दे तो मुझे कुछ मत कहना।ऑनलाइन व्यवस्था ग्रामीण क्षेत्रों में फेल हो चुकी है। मैसेज और वाट्सअप से बुकिंग के दावों में अधिक सच्चाई नहीं है। होम डिलीवरी लगभग ठप्प है और सिलेंडर के लिए एजेंसी पर दो तीन बार भी जाना पड़ सकता है। गृहस्थ का काम किसी तरह चल भी जाए, पर जिनके यहां शादी विवाह है उन्हें दिक्कत हो रही है। हां, बिजली की आपूर्ति है तो गांवों के अधिकांश घरों में इंडक्शन से भी भरपूर काम चलाया जा रहा है। भाई, जिनके भी भाई 4 घंटे लाइन में खड़े होकर खाली हाथ लौट रहे हैं उसके लिए लातें उन अफवाह फैलाने वालों पर पड़नी चइये, जो ÷किल्लत आ रही है÷ चिल्ला-चिल्ला कर पैनिक क्रिएट कर रहे हैं। जबकि असलियत ये है कि पूरी दुनिया में अफरा तफरी हो रखी है ।




## अपनी समस्या हमें बतायें

आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओ के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।

दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।

फोन नं.- 8423454502,

bps.knp786@gmail.com

## आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बीपीएस न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे। - संपादक

## आवश्यकता है

बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।

संपर्क करें -ःमो.ः 8423454502

email:bps.knp786@gmail.com


# राज्यों के सोशल मीडिया प्रतिबंध और उनके संभावित परिणाम

**16 वर्ष से कम उम्र के बालकों के सोशल मीडिया प्रयोग पर कर्नाटक राज्य के मुख्यमंत्री ने प्रतिबंध लगाने की बात कही है और इसी प्रकार की बात का समर्थन आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने किया है। अगर विदेश की बात की जाय तो आस्ट्रेलिया, फ्रांस, ब्रिटेन आदि के जो प्रमुख हैं इस योजना पर कार्य करने की योजना बना रहे हैं। सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने वाले तर्क का समर्थन करने वालों का तर्क है कि बालकों का मस्तिष्क कोमल होता है और उन्हें इसकी लत लग जाती है और ज्यादा उपयोग के कारण वह अवसाद और चिंता में चले जाते हैं।**



जिस कारण उनका पढ़ाई में मन नहीं लगता है और वह चिड़चिड़े हो जाते हैं। जिससे आने वाली पीढ़ी का ठीक प्रकार से विकास नहीं हो पता है।दूसरा कारण यह बताते हैं कि सोशल मीडिया में आपराधिक गिरोह छद्म नाम से कार्य करते हैं और वह इन युवाओं को आसानी से शिकार बना लेते हैं

और ड्रग्स तस्करी तथा अन्य गतिविधियों को संपादित करने में सहयोग लेते हैं। लव जिहाद, प्रेम जाल में फसाने की घटनाओं में भी सोशल मीडिया का भी उपयोग हो रहा है। जिसकी खबरें आए दिन आती रहती हैं इसके अतिरिक्त प्रॉस्टिट्यूशन गैंग भी सोशल मीडिया में सक्रिय हैं।

आतंकवादी संगठन भी सोशल मीडिया का उपयोग करके नवयुवकों का ब्रेन वास करके अपना रिक्रूटमेंट करते हैं।

अभी पिछले दिनों केरल से आईएसआईएस जैसे आतंकी संगठनों ने बहुत सारे नवयुवकों को अपने संगठन में भर्ती करने का कार्य किया था।इसके अलावा सीमा पार से संचालित

अनेक आतंकी संगठनों द्वारा सोशल मीडिया का उपयोग करके अनेक घटनाओं को अंजाम दिया जाता है 16 वर्ष से कम उम्र के बालकों द्वारा सोशल मीडिया उपयोग पर प्रतिबंध लगाने से इन सब घटनाओं को कम करने में मदद मिल सकती है।

हालांकि कुछ एक्टिविस्टों का मानना है कि यह कदम अभिव्यक्त की आजादी पर प्रतिबंध लगाने की सोची समझी रणनीति है।

वहीं उनका यह कहना है कि छद्म नाम तथा पहचान से यदि कोई व्यक्ति अपनी प्रोफाइल बनता है। तो इन कंपनियों द्वारा उन्हें किस प्रकार रोका जायेगा। उनकी कैसे पहचान की जायेगी और यदि अगर सोशल मीडिया कंपनियां इन सब पर रोक नहीं लगा पाती है तो इनको किस प्रकार से दंडित किया जाएगा।

वहीं सोशल मीडिया कंपनियों का कहना है कि इन सब कार्यो से उनको बदनाम किया जा रहा है तथा इससे उनके रेवेन्यू में भी फर्क पड़ सकता है और उनके द्वारा प्रदान किए गए रोजगार पर भी फर्क पड़ सकता है।

हालांकि यह कदम समाज पर कितना प्रभाव डालेगा यह तो आने वाला समय ही बताएगा। लेकिन इससे युवाओं को फ्री डाटा देकर जो सोशल मीडिया की लत लगाई गई है उसे अवश्य बचाव होगा।

# लखनऊ मलिहाबाद: भारत गैस एजेंसी पर सिलेंडर की किल्लत, उपभोक्ता परेशान





» बीपीएस न्यूज

मलिहाबाद/ढेन्डे मऊ। राजधानी के मलिहाबाद क्षेत्र के अंतर्गत ढेन्डे मऊ स्थित भारत गैस एजेंसी पर पिछले कुछ दिनों से रसोई गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत देखी जा रही है। दूर-दराज से आए उपभोक्ताओं को खाली हाथ वापस लौटना पड़ रहा है, जिससे स्थानीय लोगों में भारी रोष व्याप्त है।

घंटों इंतजार के बाद खाली हाथ- सुबह से ही एजेंसी के बाहर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग रही हैं, लेकिन स्टॉक खत्म होने की बात कहकर उन्हें वापस भेज दिया जा रहा है।

चूल्हा जलना हुआ मुश्किल- ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों का कहना है कि सिलेंडर न मिलने के कारण उनके घरों में भोजन पकाने की समस्या खड़ी हो गई है।

ब्लैक मार्केटिंग की आशंका बताई जा रही

# गैस संकट: होटलों पर रोकी गई कॉमर्शियल सिलिंडर की सप्लाई

## केंद्र के नए निर्देश से 20 हजार उपभोक्ता प्रभावित

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आपूर्ति बाधित होने से कानपुर में कमर्शियल एलपीजी की सप्लाई रोक दी गई है। होटल और गेस्ट हाउस संचालकों ने कारोबार ठप होने की चेतावनी दी है। कानपुर शहर में गैस संकट मंडराने लगा है। केंद्र सरकार ने कामर्शियल और औद्योगिक उपभोक्ताओं को एलपीजी सिलिंडर की आपूर्ति पर अस्थायी रोक लगा दी है। इससे होटल, रेस्तरां और बड़े खानपान प्रतिष्ठानों के सामने चुनौती खड़ी हो गई है। जिले में लगभग 20 हजार वाणिज्यिक एलपीजी उपभोक्ता हैं। ये प्रतिष्ठान प्रतिदिन करीब आठ से नौ हजार सिलिंडरों की खपत करते हैं। गैस का भंडार पहले से ही कम है जिससे आने वाले दिनों में कई प्रतिष्ठानों का संचालन प्रभावित हो सकता है। पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय गैस आपूर्ति बाधित हुई है। कई देशों से एलपीजी का आयात रुकने से निजी वितरकों का स्टॉक घट गया है। निजी डीलरों के पास आमतौर पर दो से तीन दिन का ही भंडारण होता है। उनका मौजूदा स्टॉक लगभग खत्म होने की स्थिति में पहुंच गया है।

आवश्यक सेवाओं के लिए दी जा रही प्राथमिकता

सरकारी तेल कंपनियों के पास फिलहाल आठ से 10 दिन का भंडार बताया जा रहा है। इससे अभी तक सीमित आपूर्ति जारी रखी जा सकी है। एलपीजी वितरक संघ के संरक्षक भारतीश मिश्रा ने बताया कि उपलब्ध गैस भंडार को आवश्यक सेवाओं के लिए प्राथमिकता दी जा रही है। डीलरों के पास मौजूद कामर्शियल सिलिंडर पहले अस्पतालों, छात्रावासों और बड़े संस्थानों को दिए जाएंगे।

घरेलू खपत को दी गई प्राथमिकता

सोमवार को केंद्र सरकार ने नए निर्देश जारी कर घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी आपूर्ति को प्राथमिकता देने का फैसला किया है। इसके तहत कामर्शियल और औद्योगिक उपभोक्ताओं को गैस आपूर्ति अस्थायी रूप से रोक दी गई है।इस फैसले के बाद शहर के होटल, रेस्तरां, ढाबे और बड़े किचन संचालकों में चिंता बढ़ गई है। कई प्रतिष्ठानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सप्लाई बहाल नहीं हुई तो उन्हें कामकाज सीमित करना पड़ सकता है।

कैटरिंग का काम करता हूं जो सबसे ज्यादा सिलिंडर पर ही निर्भर है। सरकार ने गैस के दाम बढ़ाए थे उस दौरान एजेंसियों ने छूट देना बंद कर दी थी। अब रोक लगा दी है। इससे रोजगार पर समस्या खड़ी हो जाएगी।

मिठाई की दुकान संचालित करता हूं। एक दिन में करीब तीन से चार सिलिंडर खत्म हो जाते हैं। अगर सिलिंडर नहीं मिला तो भट्ठी में काम करना और मुश्किल हो जाएगा। इससे रोजगार काफी प्रभावित होगा। -मनोज कुमार, गोविंद नगर

शहर भर में दो सौ होटल और 1500 गेस्ट हाउस

कानपुर। सहालगी सीजन और ईद के मौके पर इन सिलिंडरों पर रोक से होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई और गेस्टहाउस संचालकों में खलबली मच गई है। शहर भर में पांच हजार से ज्यादा रेस्टोरेंट, मिठाई की दुकानें हैं। दो सौ होटल और 1500 गेस्ट हाउस भी संचालित होते हैं। सरकार के नए फरमान से होटल, रेस्टोरेंट संचालक परेशान हो गए हैं। कारोबारियों का कहना है कि नई बुकिंग में 25 प्रतिशत अतिरिक्त खर्च बढ़ जाएगा।

यह संकट जल्द खत्म न हुआ तो होटल, गेस्टहाउस, रेस्टोरेंट तो बंद हो जाएंगे या फिर 10-25 लोगों में ही शादी समारोह हो जाएंगे। -श्यामलाल मूलचंदानी, कार्यवाहक अध्यक्ष, कानपुर होटल, गेस्ट हाउस, स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन

कॉमर्शियल सिलिंडरों पर रोक हल नहीं है। इससे कालाबाजारी बढ़ेगी। अभी तक लोग स्टॉक नहीं करते थे। वह करने लगेंगे। आधुनिक किचन में कोयले की भट्ठी कैसे जला पाएंगे। खाद्य उत्पादों के अलावा सहालग में 25 प्रतिशत तक दाम आगे बढ़ जाएंगे।

# तिरंगे की आन और रंगों की फुहार, डीएम बोले- गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल

» बीपीएस न्यूज

कानपुर । कानपुर में ऐतिहासिक गंगा मेला हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राष्ट्रगान से शुरू हुए इस समारोह में सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश करते हुए मुस्लिम समाज ने हुरियारों का स्वागत किया।

कानपुर शहर में मंगलवार को ऐतिहासिक गंगा मेला की धूम रही। रंजन बाबू पार्क में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जिलाधिकारी और पुलिस अधिकारियों ने तिरंगा फहराकर मेले का शुभारंभ किया। इसके बाद क्रांतिकारियों के शिलालेख पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। करीब 85 वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में लोगों ने जमकर रंग-गुलाल उड़ाया। ट्रैक्टर ट्रॉलियों, ऊंट और घोड़ों पर सवार होकर हुरियारे निकले और

पूरे मार्ग में रंग बरसाते रहे। सपाई विधायक अमिताभ बाजपेई भी रंगों में सराबोर दिखे और लोगों के साथ नृत्य किया।

ट्रैक्टर ट्रॉलियों से रंगों का जुलूस निकला

मेस्टन रोड पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने फूल बरसाकर होली खेलने वालों का स्वागत किया और मालाएं पहनाईं। हुरियारे नाचते-गाते करीब सात किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। मेला समिति के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र बिश्नोई ने बताया कि इस बार भैंसा ठेला नहीं मिल सका, इसलिए ट्रैक्टर ट्रॉलियों से रंगों का जुलूस निकाला गया।



# 'जीजा ने सच में नहीं सपने में छेड़ा था, साली के यू-टर्न से सात साल बाद एयरफोर्स कर्मी बरी



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। कानपुर में साली के सपनों वाले बयान के बाद एयरफोर्स कर्मी को छेड़छाड़ के मामले में सात साल बाद कोर्ट ने बरी किया। 19 दिन जेल में काट चुके जीजा को अब मिला न्याय। कानपुर में बहन की शादी के बाद चौथी पर ससुराल गई नाबालिग साली ने जीजा पर छेड़छाड़ का आरोप लगाकर हंगामा खड़ा कर दिया। रिपोर्ट दर्ज हुई तो जीजा को 19 दिन जेल की हवा खानी पड़ी, लेकिन जब मामला कोर्ट पहुंचाज्तो साली बयान से मुकर गई और बोली जीजा ने सच में नहीं सपने में छेड़ा था, मुझे भ्रम हो गया था। सात साल की कानूनी लड़ाई के बाद एयरफोर्स कर्मी जीजा को तो अदालत ने बरी कर दिया।

हालांकि, इस दौरान उसके माथे पर लगे कलंक के चलते जो पारिवारिक और सामाजिक तिरस्कार उसे झेलना पड़ा उसका दंश वह जीवनभर नहीं भूल सकेगा। बिठूर निवासी एयरफोर्स कर्मी का विवाह 10 फरवरी 2019 को बिधनू की युवती से हुआ था। 13 फरवरी को एयरफोर्स कर्मी चौथी में पत्नी को लेने ससुराल गया, तो 15 वर्षीय साली भी उसके साथ आ गई। आठ मार्च की रात साली जोर-जोर से चिल्लाने लगी।

**19 दिन जेल भी काटी**

हन कमरे में पहुंची तो साली ने आरोप लगाया कि जीजा ने उसके साथ छेड़छाड़ की। बहन ने पुलिस बुला ली। पारिवारिक मामला होने पर पहले तो समझौता वार्ता चलती रही, लेकिन बात न बनने पर पिता ने तीन अगस्त को नौबस्ता थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी। 29 सितंबर को एयरफोर्स गर्मी की गिरफ्तारी हो गई और 19 दिन जेल में रहने के बाद 17 अक्टूबर को जमानत पर उसकी रिहाई हो सकी।

**न्यायालय ने एयरफोर्स कर्मी को दोषमुक्त करार दिया**

अधिवक्ता करीम अहमद सिद्दीकी ने बताया कि जीजा को जेल की हवा खिलाने वाली साली के जब कोर्ट में बयान हुए तो पलट गई। बोली, छेड़छाड़ सपने में हुई थी। वह दवा खाकर सो रही थी, नींद में उसे लगा कि जीजा ने उसे दबोच लिया हैज्इसलिए उसने चिल्ला दिया। पीड़िता की बड़ी बहन और पिता ने भी भ्रमवश मुकदमा लिखाने की बात कोर्ट में कहीं। गवाहों के बयान और कोई ठोस सबूत न होने के कारण न्यायालय ने एयरफोर्स कर्मी को दोषमुक्त करार दे दिया।

# ट्रांसपोर्टर का सिम ब्लॉक कर 1.27 करोड़ की ठगी

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। कानपुर के ट्रांसपोर्टर मोकम सिंह को मोबाइल हैक कर बैंक खाते से 1.27 करोड़ रुपये की साइबर ठगी कर ली। साइबर क्राइम ब्रांच ने मेरठ निवासी अरशद अंसारी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। आरकेनगर निवासी ट्रांसपोर्टर मोकम सिंह को 23 अगस्त 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया था कि व्हाट्सएप पर कई फर्जी मैसेज मिले। इनमें पीएम किसान योजना, आरटीओ चालान, केनरा बैंक आधार अपडेट और इंदिरा आवास योजना की एपीके फाइलें शामिल थीं। आरटीओ चालान की फाइल खोलते ही उनका मोबाइल फोन और सिम ब्लॉक हो गया। लिंक के साथ भेजी गई एपीके फाइल की वजह से साइबर अपराधियों ने उनके मोबाइल का नियंत्रण हासिल कर लिया था। नया सिम लेकर ऑनलाइन बैंकिंग का उपयोग किया। 25 अगस्त 2025 को उनके खाते से 1.27 करोड़ रुपये मुंबई के पांच खातों में ट्रांसफर कर दिए।मोकम सिंह ने बताया कि टेलीकॉल कंपनी से नया सिम एक्टिव होने की जानकारी मिलने पर पुलिस और साइबर क्राइम ब्रांच को सूचना दी। इसके बाद 70 हजार रुपये फीज करा लिए गए। साइबर क्राइम ब्रांच को जांच में पता चला कि मुंबई के पांच खातों में एक ही व्यक्ति की तस्वीर थी जिसके बाद मेरठ निवासी अरशद अंसारी को गिरफ्तार किया गया। डीसीपी क्राइम श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अरशद अंसारी के पास से कई फर्जी व अन्य दस्तावेज बरामद हुए हैं। अरशद 2014 में भी साइबर अपराध में दो साल जेल काट चुका है।साइबर क्राइम ब्रांच प्रभारी सतीशचंद्र यादव ने बताया कि अरशद अंसारी ने आधार कार्ड, पैन कार्ड और अन्य दस्तावेजों को बहुत ही चालाकी से एडिट कराकर पांच बैंकों में खाते खुलवाए थे।

# होरियारों ने सड़क पार कर रहे युवक को मारी टक्कर, मौत

» बीपीएस न्यूज



कानपुर । गंगा मेला पर मंगलवार को गोविंदनगर में बाइक सवार होरियारों ने पैदल सड़क पार कर रहे युवक को टक्कर मार दी। हादसा डीबीएस कॉलेज वाली रोड पर स्थित भाटिया भवन के पास हुआ। इससे युवक की मौत हो गई। आरोपी बाइक छोड़कर मौके से भाग निकले। परिजन का आरोप है बाइक सवार युवक नशे में थे। गोविंदनगर डीबीएस कच्ची बस्ती निवासी चंदन (40) पेंटिंग का काम करते थे। वह चार भाइयों में सबसे बड़े थे। भाई सरवन ने बताया की 13 साल पहले चंदन की पत्नी की मौत हो गई थी। परिवार में बेटा पवन और बेटियां जाह्नवी व बाला हैं। मंगलवार शाम चंदन घर के पास स्थित दुकान से सामान लेने के लिए सड़क पार कर रहे थे, तभी गोविंदपुरी की ओर से आई तेज रफ्तार सुपर स्प्लेंडर बाइक ने टक्कर मार दी। बाइक पर चार युवक सवार थे। वह रंग खेलकर लौट रहे थे। हादसे में चंदन के चेहरे, सिर और सीने में चोट आई है उन्हें नजदीक के अस्पताल ले गए जहां से उसे हैलट रेफर कर दिया गया। हैलट में डॉक्टर ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। गोविंदनगर थाने में तैनात अतिरिक्त निरीक्षक अभय सिंह ने बताया कि बाइक को कब्जे में ले लिया है।

# बेटे की शादी में पैरोल पर आए सजायाफ्ता कैदी की मौत, नहीं दी पुलिस को सूचना



» बीपीएस न्यूज

औरैया। अछल्दा थाना क्षेत्र के गांव धमसरी रामनगर में हत्या के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी की पैरोल अवधि के दौरान संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजन ने मामले की जानकारी पुलिस को दिए बिना उनका अंतिम संस्कार कर दिया। सूचना मिलने पर गांव पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। सजायाफ्ता कैदी बेटे की शादी में शामिल होने के लिए आया था।

गांव धमसरी निवासी बहादुर सिंह उर्फ वीर बहादुर यादव (65) हत्या के एक मामले में इटावा जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे। बहादुर सिंह बेटे अरुण कुमार की शादी में शामिल होने के लिए बीती छह फरवरी को पैरोल पर जेल से बाहर आए थे। 10 फरवरी को धूमधाम से बेटे की शादी हुई, इसके बाद परिवार में खुशी का माहौल था। बहादुर सिंह की पैरोल अवधि मार्च माह की 19 तारीख को समाप्त होने वाली थी, इसके बाद उन्हें वापस जेल जाना था, लेकिन सोमवार की रात संदिग्ध हालात में उनकी मौत हो गई। मंगलवार की सुबह परिजन ने कानून को ताक पर रखते हुए पुलिस को सूचना देना मुनासिब नहीं समझा और गुपचुप तरीके से शव का अंतिम संस्कार कर दिया।घटना की भनक लगते ही अछल्दा थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुरेश सिंह फोर्स के साथ गांव पहुंचे और परिजन से पूछताछ की। उनकी मौत कैसे हुई पुलिस इसकी जानकारी जुटा रही है। परिजन अभी तक कारण नहीं बता पा रहे हैं।प्रभारी थानाध्यक्ष अछल्दा सुरेश चंद्र ने बताया कि वीर बहादुर हत्या के मामले में सजायाफ्ता था। उसकी मौत की सूचना उच्चाधिकारियों को दे दी गई है। चूंकि मूल मामला इटावा के बकेवर थाने से संबंधित है इसलिए वहां की पुलिस को भी अवगत कराया गया है। बिना सूचना अंतिम संस्कार किए जाने के पहलुओं की जांच की जा रही है।वीर बहादुर यादव ने नौ मई साल 2018 को इटावा जनपद के बकेवर थाना क्षेत्र के गांव नगला गुलाब निवासी रामवीर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी। रामवीर के बेटे बिंतेश की तहरीर पर मामला दर्ज हुआ था, इसमें अदालत ने बहादुर सिंह को उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

# इंस्टाग्राम में अपलोड की नोटों की गड्डी, चोरी की रिपोर्ट दर्ज

कानपुर । घर में काम करने के लिए एजेंसी के जरिए नौकरानी मंगाना एक रेस्टोरेंट कारोबारी को महंगा पड़ गया। पीड़ित ने लाखों रुपये कीमत की घड़ी चोरी करने का नौकरानी पर आरोप लगाया है। आशंका जताई कि उसने उनकी रोलेक्स की घड़ी बेचकर रुपये इकट्ठा किए और इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अशोक नगर निवासी रेस्टोरेंट कारोबारी पवन कुमार गोयल ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उन्हें घर में काम करने के लिए नौकरानी की जरूरत थी। उन्होंने एजेंसी से संपर्क किया। एजेंसी ने नई दिल्ली लाजपत नगर में स्थित कुमार पर्सनल सर्विस से बिहार के पटना के ग्राम खसरूपुर मोसिमपुर एम निवासी लक्ष्मी कुमारी को नौकरानी के कार्य के लिए भेज दिया। पीड़ित के अनुसार नौकरानी लगभग पिछले सात-आठ महीने से घर पर कार्य कर रही थी। आरोप है कि नौकरानी ने 30 जनवरी 2026 को उनकी वर्षों पुरानी लाखों रुपये कीमत की मूल्यवान रोलेक्स घड़ी चुरा ली। नजीराबाद इंस्पेक्टर राजकेसर ने बताया कि घटना के तीन दिन बाद पीड़ित ने शिकायत की थी। इस पर तत्काल उन्होंने महिला

# विशेष अभिभावक बैठक का आयोजन कर डा. रचना ने परीक्षा पर की चर्चा

## बच्चों को नियमित स्कूल भेजने के लिए अभिभावकों को किया जागरूक

» बीपीएस न्यूज

उन्नाव । मार्च का महीना जहाँ एक ओर त्योहार का माह हैं वहीं दूसरी ओर वार्षिक परीक्षाएं भी इसी माह में आयोजित होनी हैं।

त्योहार तथा स्थानीय मेलों की वजह से विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति प्रभावित हो रही है।जनपद की एस आर जी डॉ रचना सिंह ने अपने सपोर्टिव सुपरविजन के दौरान ब्लॉक बिछिया के प्राथमिक विद्यालय डीह 2 में पाया कि कुछ बच्चे स्थानीय मेले और त्योहार की वजह से विद्यालय में उपस्थित नहीं हैं ।

ऐसे में प्रत्येक कक्षा के अनुपस्थित बच्चों को चिन्हित किया गया और अनुपस्थित छात्रों के अभिभावकों को फोन के माध्यम से संपर्क कर बच्चों की अनुपस्थिति का कारण जान गया तथा उनके अभिभावकों को विद्यालय में बुला एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें डॉ रचना सिंह ने कक्षा में बच्चों की नियमित उपस्थिति के महत्व के बारे में समझाया तथा अभिभावकों को बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने अभिभावकों को बताया कि अनुपस्थित रहने से बच्चे पढ़ाई में पीछे रह जाते हैं।कक्षा में



दी जा रही महत्त्वपूर्ण जानकारियों से वंचित रह जाते हैं।बार -बार अनुपस्थित रहने से पढ़ाई के प्रति लापरवाही की आदत बन जाती है।

कक्षा में बहुत सारी गतिविधियां कराई जाती हैं, प्रोजेक्ट बनवाए जाते हैं

जिससे वे वंचित रह जाते हैं। डॉ रचना सिंह ने अभिभावकों को बताया कि आगामी 16 मार्च से वार्षिक परीक्षाओं का

आयोजन किया जा रहा है।इस समय विद्यालय में पाठ्यक्रम दोहराव का कार्य शिक्षकों द्वारा किया जा रहा है उन्होंने सभी अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि शत प्रतिशत बच्चे विद्यालय में उपस्थित हों।

कोई भी बच्चा बिना जरूरी कारण अनुपस्थित न रहे जिसका सभी बैठक में उपस्थित अभिभावकों ने समर्थन किया।बैठक में अभिभावकों में सरस्वती,रामदेवी, किरन,सपना,काजल,रेनू, वनोदिनी, मीरा,स्नेहलता, माधुरी, विन्धरेश्वरी तथा अन्य उपस्थित रहे।

# गैस आपूर्ति को लेकर घबराएं नहीं, असुविधा होने पर उपभोक्ता हेल्पलाइन नंबर पर करें शिकायत-डीएसओ

## कॉल सेंटर पर शिकायत के बाद सिलेंडरों की होम डिलीवरी

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। जनपद में एलपीजी गैस आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए प्रशासन ने निगरानी बढ़ा दी है। कॉल सेंटर में कुल 252 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 92 का निस्तारण कराया गया। अधिकांश शिकायतें गैस बुकिंग न होने या समय पर सिलेंडर न मिलने से संबंधित पाई गईं। जिन उपभोक्ताओं की बुकिंग दर्ज थी, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर होम डिलीवरी के माध्यम से सिलेंडर उपलब्ध कराया गया। जिला पूर्ति अधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनपद में घरेलू गैस आपूर्ति सुचारु रूप से जारी है और उपभोक्ताओं से पैनिक बुकिंग न करने की अपील की।

जिला पूर्ति अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि गल्ला मंडी निवासी रामजानकी का घरेलू गैस कनेक्शन प्रियंका गैस सर्विस से है। उनकी बुकिंग 6 मार्च की थी और सिलेंडर न मिलने पर उन्होंने कॉल सेंटर के लैंडलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत मिलने के बाद उन्हें होम डिलीवरी के माध्यम से सिलेंडर घर पर उपलब्ध कराया गया।

इसी प्रकार बाबू पुरवा निवासी आफरीन का गैस कनेक्शन विजय गैस एजेंसी से है। उन्होंने 5 मार्च को बुकिंग कराई थी, लेकिन सिलेंडर प्राप्त नहीं हुआ था।

शिकायत मिलने पर कार्रवाई करते हुए उन्हें होम डिलीवरी के माध्यम से गैस उपलब्ध कराई गई। किदवई नगर ब्लॉक निवासी राजकुमार मल्होत्रा का कनेक्शन साक्षी गैस एजेंसी से है। उन्होंने 27 फरवरी की बुकिंग के बावजूद सिलेंडर न मिलने की जानकारी दी, जिस पर उन्हें भी घर पर सिलेंडर उपलब्ध कराया गया।

इसके अलावा जयप्रकाश वर्मा ने उपकार गैस एजेंसी से इनवॉइस जनरेट होने के बाद भी गैस न मिलने की शिकायत की थी, जबकि अनवरगंज निवासी किशन लाल ने शांति गैस एजेंसी से 3 मार्च को बुकिंग कराने के बावजूद सिलेंडर न



मिलने की सूचना दी। दोनों मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी के माध्यम से सिलेंडर उपलब्ध कराया गया।

इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने विभिन्न गैस एजेंसियों का निरीक्षण कर सिलेंडर आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया और समय से वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद में एलपीजी गैस से संबंधित समस्याओं के निस्तारण के लिए लैंडलाइन नंबर 0512-2988763 और व्हाट्सएप नंबर 6394616122 जारी किए गए हैं। उपभोक्ता इन नंबरों पर संपर्क कर अपनी समस्या दर्ज करा सकते हैं।

# बालिकाओं को गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। नगर में बालिकाओं को गर्भाशय ग्रीवा कैंसर (सर्वाइकल कैंसर) से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ एएचएम डफरिन अस्पताल में मुख्य विकास अधिकारी (ष्टष्ठह्र) महोदया द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी एसीएमओ, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अर्बन नोडल आरआई, जेएसआई के प्रोग्राम ऑफिसर, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ तथा यूएनडीपी,सहित अन्य सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने एचपीवी टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह टीका भविष्य में होने वाले गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव में अत्यंत प्रभावी है। एचपीवी संक्रमण सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण माना जाता है, और समय पर टीकाकरण से इस गंभीर बीमारी से बचाव संभव है।

इस अभियान के अंतर्गत 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी तथा 15 वर्ष से कम आयु की किशोरियों को निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन उपलब्ध कराई जाएगी। यह टीकाकरण जनपद के सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध रहेगा।मुख्य विकास अधिकारी महोदया ने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों को इस महत्वपूर्ण टीकाकरण से अवश्य लाभान्वित कराएं,

ताकि उन्हें भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर के जोखिम से सुरक्षित रखा जा सके।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह भी बताया गया कि यह अभियान जनपद में बालिकाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सभी पात्र किशोरियों और उनके अभिभावकों से अनुरोध है कि वे नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर एचपीवी टीकाकरण अवश्य कराएं।



# पटकापुर स्वच्छता समिति द्वारा गंगा मेला में खेली गई होली

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। पटकापुर स्वच्छता समिति के द्वारा गंगा मेला का आयोजन किया गया। इसमें समित के सभी पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय नागरिक शामिल होकर रंगों के त्यौहार को बड़े धूमधाम से मनाया। गानों की धुन पर महिलाएं एवं पुरुष सभी लोग खूब झूमे। प्रमुख रूप से समिति के संरक्षक कमल चंद बाजपेई रमेश चंद बाजपेई, सुरेश चंद बाजपेई, अध्यक्ष अरुण कुमार अस्थाना, उपाध्यक्ष गीता पांडे, महामंत्री दीपक निगम, मंत्री पारसनाथ शुक्ला, मनीष अस्थाना, रानी त्रिवेदी, रवि, मनीष, क्षेत्रीय निवासी सम्मिलित हुए। शाम होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में क्षेत्रीय पार्षद एवं बीजेपी अध्यक्ष सहित अन्य नेता गण शामिल हुये।

# निजी स्कूलों की मनमानी और अभिभावकों के शोषण के खिलाफ कांग्रेस ने प्रदर्शन कर सौंपा मांग पत्र

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। निजी स्कूलों द्वारा एडमिशन फीस और अत्यधिक फीस वृद्धि,ड्रेस और किताबें खरीदने के नाम पर अभिभावकों के शोषण और आरटीई ( ऋञ्जश्व) के तहत गरीब कमजोर बच्चों को एडमिशन न देने की शिकायतों के विरुद्ध कानपुर महानगर कांग्रेस ने अध्यक्ष पवन गुप्ता की अगुआई में मंडलायुक्त कार्यालय के प्रदर्शन कर मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र अपर आयुक्त सुशीला को दिया। कांग्रेसजनों ने जमकर नारेबाजी की और नारे लगाए कि स्कूलों की मनमानी बंद करो, अभिभावकों को राहत दो।

महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि नया सत्र शुरू होने वाला है और अभी से अभिभावक अपनी परेशानियां बता रहे हैं।

एक तरफ़ जहां निजी स्कूल आरटीई के तहत कमजोर वर्ग के बच्चों को एडमिशन नहीं देते तो दूसरी ओर आम जन के लिए स्कूल में अत्यधिक मूल्यवृद्धि कर रहे हैं।

अध्यक्ष पवन गुप्ता ने बताया कि यह हर साल का मामला हो गया है इस बार इसलिए कानपुर में कांग्रेस इसके खिलाफ बड़ा आंदोलन करेगी और इस के तहत प्रशासन से अभी से मांग की जा रही है। मांग की गई कि अभी से ही जिले स्तर पर इन समस्याओं को नियंत्रित करने के लिए कार्यवाही कर दी जाए। साथ ही मांग कि एक समिति गठित कर दी जाए जो अभिभावकों की इन शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करे।

साथ ही कोई निजी स्कूल भारी भरकम एडमिशन फीस और फीस वृद्धि न करे इस बात को भी सुनिश्चित किया जाए। अध्यक्ष पवन गुप्ता, नरेश पाठक, हरीश बाजपेई, रितेश यादव, सैमुअल लकी सिंह, पदम मोहन मिश्रा, राम स्वरुप तिवारी, आसिफ इक़बाल, अजय श्रीवास्तव शीलू, जावेद जमील उस्मानी, राकेश साहू, जितेंद्र गिरी, डॉ महादेव, राज किशोर वर्मा, राजेश सविता, बृजेश गुप्ता, मिंटू बाजपेई, जितेंद्र वर्मा आदि थे।

# कानपुर में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध रिफिलिंग के विरुद्ध प्रशासन ने की सख्त कार्रवाई

## अवैध गैस भंडारण पर बड़ी कार्रवाई, दो स्थानों से 49 सिलेंडर बरामद

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध रिफिलिंग के विरुद्ध प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। दो स्थानों पर की गई छापेमारी में कुल 49 एलपीजी सिलेंडर, रिफिलिंग उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक कांटा बरामद किया गया। दोनों मामलों में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।

कार्रवाई के क्रम में बुधवार शाम ग्वालटोली क्षेत्र में इकबाल पुत्र सिद्दीकी के आवास पर छापेमारी की गई। मौके से घरेलू और कमर्शियल श्रेणी के कुल 46 सिलेंडर, छह रिफिलर तथा एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा बरामद किया गया। जांच में गैस सिलेंडरों की अवैध रिफिलिंग पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।इसी क्रम में खाद्य क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला फेफूफंगंज पानी टंकी के पास इमरान नामक व्यक्ति की दुकान की जांच में तीन एलपीजी सिलेंडर (दो खाली और एक भरा), रिफिलिंग उपकरण तथा नोजल बरामद हुए। इस मामले में भी आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है।

जिलापूर्ति अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि गैस आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए 11 मार्च को कार्यालय में



कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम की लैंडलाइन और व्हाट्सएप के माध्यम से कुल 101 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 14 शिकायतों का उसी दिन निस्तारण कर दिया गया है, जबकि शेष शिकायतों का नियमानुसार निस्तारण कराया जा रहा है।

डीएसओ ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद के 9 क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी और 18 पूर्ति निरीक्षकों को क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहकर गैस एजेंसियों और पेट्रोल पंपों की निगरानी के लिए लगाया गया है। किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या अवैध रिफिलिंग पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# बाल श्रम के खिलाफ 25 मार्च तक चलेगा विशेष अभियान,.. जिलाधिकारी ने 10 टीमें कीं गठित

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 की संशोधित नियमावली 2016 के तहत गठित जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद को बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश को वर्ष 2027 तक बाल श्रमिकों से मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके अंतर्गत कानपुर मंडल के लिए दिसंबर 2026 तक का लक्ष्य तय किया गया है। इसे ध्यान में रखते हुए जनपद में बाल श्रम के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की रणनीति पर चर्चा की गई।सहायक श्रम आयुक्त राम लखन पटेल ने जानकारी दी कि बाल श्रम उन्मूलन के प्रभावी प्रवर्तन के



लिए श्रम विभाग के अधिकारियों के अतिरिक्त सभी उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी तथा सहायक विकास अधिकारियों को भी निरीक्षक नामित किया गया है।जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बाल श्रम के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के लिए 10 टीमों का गठन करते हुए निर्देश दिया कि सभी टीमें 12 मार्च से 25 मार्च तक विशेष अभियान चलाकर विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करें और बाल श्रमिकों का चिन्हांकन सुनिश्चित करें। अभियान की समीक्षा 27 मार्च को की जाएगी।बैठक में अपर जिलाधिकारी (नगर) राजेश कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उपजिलाधिकारी सदर अनुभव सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत सिंह, खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। ट्रेड यूनियन की ओर से अनिल उपाध्याय तथा फीटा के अध्यक्ष उमंग अग्रवाल ने भी बैठक में भाग लेते हुए बाल श्रम उन्मूलन को सामाजिक जिम्मेदारी बताते हुए अपने सुझाव दिए।

# बेरा जांच के लिए बधिर दिव्यांगों को लखनऊ के लगाने पड़ रहे चक्कर

## सरकार ने स्वीकृत किया बजट उसके बावजूद नहीं लगी बेरा मशीन

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी में आज बेरा जांच मशीन लगाने की मांग को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कानपुर नगर को ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के आंदोलन के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने शासनादेश संख्या 190/ 2025/ आई/ 1066830/2025 ड्ड 5-6099/ 192/ 2023- 6 दिनांक 26 अगस्त 2025 के तहत उत्तर प्रदेश के 54 जनपदों में बेरा मशीन लगाने हेतु 6,77,16000 रुपया जारी किया था। इसके बावजूद आज तक कानपुर नगर में बेरा मशीन नहीं लग पाई है।पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि आज सी एम ओ को ज्ञापन सौंपा गया है एक



माह में बेरा मशीन नहीं लगी तो आन्दोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब सरकार ने बजट स्वीकृत कर दिया है तो बेरा मशीन क्यों नहीं लगाई जा रही है।ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार, वैभव दीक्षित, गुड्डी दीक्षित, सरला, राहुल विश्वकर्मा, दिलिप कुमार, महेश चन्द्र साहू, अनिल कुमार, आशीष कुमार, राम शंकर माली, अमित कुमार आदि शामिल थे।

# कंपोजिट विद्यालय के औचक निरीक्षण में तीन शिक्षक मिले अनुपस्थित

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कंपोजिट विद्यालय कठेरुआ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में तीन शिक्षक अनुपस्थित मिले। इस पर जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने कड़ी नाराजगी जताते हुए उनका वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने और कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान आरती, विभा निगम और अनिता कटियार विद्यालय में अनुपस्थित पाई गईं। शिक्षकों ने बीएलओ ड्यूटी का कारण बताया। इस पर जिलाधिकारी ने मौके से ही मोबाइल फोन के माध्यम से तीनों शिक्षकों से बात कर विद्यालय न आने की वजह पूछी। बातचीत में सामने आया कि दो शिक्षिका अपने घर पर थीं, जबकि एक ने रास्ते में होने की बात कह रही थी।विद्यालय में सविता, अर्चना



राठौर, शशि गौतम और अस्मिता तिवारी उपस्थित मिलीं, जबकि दो शिक्षा मित्र भी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए पाए गए। मौके पर मौजूद दो शिक्षक बीएलओ कार्य देखने के साथ-साथ अध्यापन कार्य भी करते मिले। जिलाधिकारी ने ऐसे शिक्षकों की सराहना की, जो बीएलओ ड्यूटी निभाने के साथ विद्यालय में भी नियमित रूप से उपस्थित रहकर पठन-पाठन का कार्य कर रहे हैं।जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षकों का मुख्य कार्य अध्यापन है और किसी भी स्थिति में पठन-पाठन प्रभावित नहीं होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बीएलओ की ड्यूटी विद्यालय प्रारंभ होने से पहले या विद्यालय की छुट्टी के बाद करने का निर्देश है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अलग से एक हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय भी दिया जाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को उनका वेतन शिक्षण कार्य के लिए मिलता है, इसलिए बीएलओ ड्यूटी के नाम पर अने मूल कार्य से विरत होना उचित नहीं है।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में संचालित मिड-डे मील योजना का भी जायजा लिया। उस दिन भोजन में चावल, दाल और आलू-सोयाबीन की सब्जी बनाई गई थी। जिलाधिकारी ने भोजन चखकर उसकी गुणवत्ता की जांच की।इस दौरान जिलाधिकारी ने आईसीडीएस विभाग द्वारा संचालित फेस रिकग्निशन प्रणाली का भी अवलोकन किया। उन्होंने लाभार्थी आरती देवी का फेस डिटेक्शन कर गर्भवती महिलाओं को दिए जाने वाले ड्राई राशन किट वितरण की प्रक्रिया देखी। जिलाधिकारी ने कहा कि इस व्यवस्था से लाभार्थियों की सही पहचान सुनिश्चित होगी और वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ेगी।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कक्षाओं में स्मार्ट क्लास के माध्यम से हो रही पढ़ाई भी देखी। उन्होंने कक्षा सात के छात्रों से पर्यावरण प्रभाव और टेंस से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका बच्चों ने संतोषजनक उत्तर दिया।

राहत

भारत सरकार की उपभोक्ताओं से अपील

# घबराहट में सिलेंडर बुकिंग न करें, 92 हजार टन एलपीजी लेकर आ रहे हैं दो भारतीय टैंकर



» देश में एलपीजी का उत्पादन 28 से बढकर 31 प्रतिशत

» देश में कच्चे तेल की पर्याप्त आपूर्ति है और पेट्रोल तथा डीजल की कहीं भी कमी नहीं

» बीपीएस न्यूज

नई दिल्ली। बार-बार की अपीलों के बावजूद रसोई गैस सिलेंडर की निरंतर बढ़ती बुकिंग के बीच भारत सरकार ने शनिवार को एक बार फिर उपभोक्ताओं से घबराहट में बुकिंग नहीं करने की अपील की और कहा कि देश में एलपीजी की कमी नहीं है तथा होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे भारत के दो एलपीजी टैंकरों के करीब 93 हजार टन गैस के साथ सुबह देश के लिए रवाना होने से एलपीजी की आपूर्ति में और सुधार आयेगा।

इसके अलावा 29 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में वाणिज्यक उपभोक्ताओं को भी एलपीजी गैस सिलेंडरों की आपूर्ति शुरू कर दी गयी है। साथ ही उन्हें उनके इलाकों में उपलब्ध पाइप वाली प्राकृति गैस कनेक्शन अपनाने का सुझाव भी दिया जा रहा है। एलपीजी की कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए भी निरंतर छापेमारी कर रही है और देश भर में 20 प्राथमिकी दर्ज कर कई लोगों को हिरासत में लिया गया है।

देश में एलपीजी का उत्पादन 28 से बढकर 31 प्रतिशत हो गया है। यह भी कहा गया है कि देश में खरीफ 2026 सीजन के लिए उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और इसे लेकर बिल्कुल भी घबराने की कोई जरूरत नहीं है। पश्चिम एशिया में फंसे भारतीय के स्वदेश लौटने का सिलसिला जारी है और विभिन्न उड़ानों के माध्यम से अब तक एक लाख 72 हजार भारतीय नागरिक स्वदेश लौट चुके हैं। खाड़ी क्षेत्र में भारतीय ध्वज वाले 22 जहाज अभी भी हैं और इन पर सवार सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। इनमें से 253 नाविकों को सफलतापूर्वक स्वदेश लाया गया है।

पेट्रोलिय एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने विभिन्न मंत्रालयों के अधिकारियों के साथ यहां नियमित ब्रीफिंग में बताया कि देश में कच्चे तेल की पर्याप्त आपूर्ति है और पेट्रोल तथा डीजल की कहीं भी कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण एलपीजी आपूर्ति अभी भी चिंता का विषय है लेकिन अभी तक कहीं से भी एलपीजी की कमी या उसके खत्म होने की रिपोर्ट नहीं है। गैस सिलेंडर की निरंतर बढ रही पैनिक बुकिंग पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यह अभी भी बहुत ज्यादा हो रही है।उन्होंने कहा , कल जो नंबर हमने आपको लगभग 75 या 76 लाख बुकिंग बताया था वह 88 लाख पहुंच गया है। देशवासियों से अपील है कि पैनिकिक बुकिंग से बचें। जितनी जब आवश्यकता हो तब बुकिंग करें। ÷ उन्होंने लोगों से अपील की कि वे केवल ऑनलाइन माध्यम से ही सिलेंडर की बुकिंग करें और सीधे वितरकों के पास न जायें। सुश्री शर्मा ने कहा कि 29 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में वाणिज्यिक सिलेंडर की आपूर्ति शुरू हो गयी। यह काम राज्य सरकारों के माध्यम से किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए निरंतर छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि देश भर में एक हजार से अधिक जगहों पर छापे मारे गये हैं और अचानक जांच की गयी है । लगभग 20 मामलों में प्राथमिकी दर्ज की गयी है और कई सारे लोगों को हिरासत में लिया गया है और 19 लोगों के खिलाफ मुकदमा चलाने की प्रक्रिया शुरू की गयी है। संयुक्त सचिव ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि घरेलू उपभोक्ताओं को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा एक महीने के लिए वैकल्पिक ईंधन के इस्तेमाल की भी अनुमति दी गयी है। जहाजरानी मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और पिछले 24 घंटे में इनसे संबंधित कोई अवांछित सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि होर्मुल जलडमरू मध्य के पश्चिम में भारतीय ध्वज वाले जो 24 जहाज थे उनमें से दो शिवालिक और नंदा देवी करीब 92700 टन एनपीजी एलपीजी लेकर आ रहे हैं और इनके 16 और 17 मार्च को बुंद्रा और कांडला बंदरगाह पहुंचने की संभावना है।

उन्होंने कहा कि अभी वहां जो 22 जहाज हैं उनमें से छह में एलपीजी के , एक में एलएजी , चार में कच्चा तेल , एक में रसायनिक उत्पाद, तीन कंटेनरशिप और तीन ड्राई डॉक में हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस संघर्ष की शुरुआत के बाद से, तनाव कम करने और सभी मुद्दों को संवाद के माध्यम से हल करने की अपील करने के अलावा, भारत लगातार इस बात पर भी जोर देता रहा है कि उसकी प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक वस्तुओं और ऊर्जा की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करना है।

प. एशिया संकटः खर्ग द्वीप पर अमेरिकी हमला

# यूएई के तेल टर्मिनल को बनाया निशाना, लगी भीषण आग

» होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से वैश्किक ऊर्जा आपूर्ति पर दबाव

» अमेरिका-इस्राइल ने ईरान के तेल ढांचों को बनाया निशाना

» बीपीएस न्यूज



दुबई। पश्चिम एशिया संकट गहराता जा रहा है। खर्ग द्वीप में अमेरिका की बमबारी के बाद ईरान ने यूएई के एक प्रमुख तेल टर्मिनल को निशाना बनाया है। वहीं, यूएई के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उनकी वायु रक्षा प्रणाली बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से निपट रही है।

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के एक बड़े तेल टर्मिनल में शनिवार को आग लग गई। यह घटना उस समय हुई, जब कुछ घंटे पहले ही अमेरिका ने ईरान के खर्ग द्वीप स्थित अड्डों पर बमबारी की। बताया जा रहा है कि ईरान ने जवाब में यूएई के तेल टर्मिनल को निशाना बनाया है। यूएई के तटीय शहर फुजैरा की दिशा से आसमान में काला धुआं उठता हुआ देखा गया। यह शहर एक बड़ा बंदरगाह स्थल है और क्षेत्र के तेल व्यापार में इसकी अहम भूमिका। यहां एक अहम तेल निर्यात टर्मिनल भी मौजूद है।स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि यह आग उस मलबे के गिरने से लगी, जो एक ड्रोन को सफलतापूर्वक मार गिराने के बाद नीचे गिरा था। अधिकारियों ने ऑनलाइन बयान में कहा कि गिरते हुए टुकड़ों से आग लगी। हालांकि, घटना की सटीक जगह के बारे में जानकारी नहीं दी गई। यूएई के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ईरान के बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों तथा ड्रोन से निपट रही है।वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एलान किया कि अमेरिकी बलों ने ईरान के खर्ग द्वीप पर स्थित ठिकानों पर बमबारी की है। खर्ग द्वीप ईरान के तेल उद्योग का एक बेहद अहम केंद्र है और देश के लगभग सभी कच्चे तेल के निर्यात को संभालता है। ट्रंप ने यह भी चेतावनी दी कि इस द्वीप की तेल से जुड़ी संरचनाओं को निशाना बनाया जा सकता है।

28 फरवरी को अमेरिका और इस्राइल के साथ ईरान का युद्ध शुरू होने के बाद से उर्जा से जुड़े बुनियादी ढांचों को निशाना बनाया गया है। इससे पहले इस्राइल ने तेहरान में तेल भंडारों पर हमला किया गया था। इसके जवाब में ईरान ने खाड़ी क्षेत्र में कुवैत से लकर ओमान तक फैली कई उर्जा संरचनाओं को निशाना बनाया। कई हमले बड़े तेल और गैस संयंत्रों पर केंद्रित रहे हैं। इनमें सऊदी अरब की विशाल रास तनुरा रिफाइनरी, कतर का रास लाफान गैस प्रसंस्करण केंद्र और संयुक्त अरब अमीरात में रुवैस रिफाइनरी वाला औद्योगिक परिसर शामिल हैं।इस युद्ध का असर होर्मुज जलमडमरूमध्य से होने वाली समुद्री परिवहन पर भी पड़ा है, जो दुनिया के सबसे अहम जलमार्गों में से एक है। युद्ध शुरू होने से पहले दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत तेल और तरल प्राकृतिक गैस की आपूर्ति इसी संकरे समुद्री मार्ग से गुजरता था। अब ईरान ने इस मार्ग पर जहाजों की आवाजाही लगभग रोक दी है, जिससे वैश्विक ऊर्जा

## कोलकाता में पीएम मोदी की रैली से पहले भाजपा-तृणमूल कार्यकर्ताओं में झड़प, पथराव

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में जा रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं की बस को घेरकर उत्तर कोलकाता के गिरीश पार्क इलाके में शनिवार को हमला किया गया। आरोप है कि हमलावरों ने ईंट-पत्थर और लाठी-डंडे से भाजपा कार्यकर्ताओं को मारा पीटा है, जिसमें उत्तर कोलकाता के भाजपा जिला अध्यक्ष तमाघ्न घोष समेत कई कार्यकर्ता घायल हुए हैं। वहीं, तृणमूल सरकार में केंबिनेट मंत्री शशि पांजा के घर को भी निशाना बनाकर पथराव किए जाने का आरोप लगाया है। इस घटना को लेकर तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गया है। घटना में बउबाजार थाना प्रभारी सहित कई लोग घायल हुए हैं जिन्हें उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घटना के संबंध में तृणमूल कार्यकर्ताओं का दावा है कि ब्रिगेड मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में शामिल होने जा रहे भाजपा कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल सरकार में कैबिनेट मंत्री शशि पांजा के घर पर पथराव किया। मंत्री ने भी आरोप लगाया कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके घर को निशाना बनाकर ईंटें फेंकी ।

## प्रधानमंत्री टीएमसी पर बरसेः कोलकाता के ब्रिगेड मैदान रैली में भरी हुंकार, कहा- बंगाल से महाजंगलराज खत्म होगा

» बीपीएस न्यूज



कोलकाता । प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य की सत्ताधारी दल तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि आपका ये उत्साह, जोश बता रहा है कि बंगाल क्या सोच रहा है, बंगाल के मन में क्या चल रहा है। ब्रिगेड परेड ग्राउंड का इतिहास साक्षी है कि जब-जब बंगाल देश को दिशा देता है, ये ब्रिगेड मैदान बंगाल की आवाज बनता है। इस मैदान से अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ उठी आवाज हिंदुस्तान में क्रांति बन गई थी। उसका नतीजा ये हुआ कि अंग्रेजों के अत्याचार और लूट का खात्मा हुआ। आज एक बार फिर ब्रिगेड ग्राउंड से नए बंगाल की क्रांति का बिगुल बज गया है।प्रधानमंत्री ने इस दौरान कहा कि बंगाल में बदलाव अब दीवारों पर भी लिखा जा चुका है और बंगाल के लोगों के दिलों में भी छप चुका है। अब बंगाल से निर्मम सरकार का अंत होकर रहेगा, अब बंगाल से महाजंगलराज का खात्मा होगा। इसलिए बंगाल के हर कोने से आवाज उठ रही है - चाई बीजेपी सरकार, अबकी बार !सत्ताधारी दल पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा- कल टीएम ने इस रैली में आने वाले आप सभी लोगों को चोर कहकर गाली दी है। असली चोर कौन है, ये बंगाल की प्रबुद्ध जनता जानती है। अपनी कुर्सी जाते हुए देखकर यहां की निर्मम सरकार बौखला गई है। आज भी इस सभा को रोकने के लिए निर्मम सरकार ने सारे हथियार निकाल लिए। आप लोगों को आने से रोकने के लिए ब्रिज बंद करवा दिए, गाड़ियां रुकवा दी, ट्रैफिक जाम करवाया, भाजपा के झंडे उखड़वा दिए, पोस्टर फड़वा दिए। लेकिन निर्मम सरकार साफ-साफ देख लो, आज के जनसैलाब को रोक नहीं पाई हो।

## भारत को युद्ध विरोधी रुख अपनाना चाहिएः अखिलेश यादव

मुंबई/लखनऊ। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि भारत को अमेरिका-इजराइल-ईरान के बीच चल रहे संघर्ष के खिलाफ रुख अपनाना चाहिए था, क्योंकि इसमें कई महिलाओं और बच्चों की जान गई है और भारत की अर्थव्यवस्था पर इसका असर पड़ना शुरू हो गया है। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष ने कटाक्ष करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शांति का संदेश भेजकर और युद्ध को रोककर विश्वगुरु बन सकते थे। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने यहां संवाददाताओं से कहा, प्रधानमंत्री और भाजपा के पास विश्वगुरु बनने का अवसर है... हमें युद्ध के खिलाफ़ रुख अपनाना चाहिए था। महिलाएं और बच्चे मारे गए हैं, और भारत में युद्ध हमारी अर्थव्यवस्था पर असर डाल रहा है।अखिलेश यादव पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख अबू असिम आज़मी द्वारा आयोजित इफ्तार में शामिल होने के लिए मुंबई पहुंचे।

# यूपी में गिरफ्तार छह गद्दारः सुरक्षाबल के ठिकानों की वीडियो व लोकेशन भेजते थे विदेश, हेड रोमिया भी धरा गया

» बीपीएस न्यूज

लखनऊ। यूपी स्थित गाजियाबाद के मसूरी थाना पुलिस के बाद अब कौशांबी पुलिस के हत्थे छह संदिग्ध लोग चढ़े हैं। सभी दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में सुरक्षा बलों के ठिकानों की लोकेशन और उनकी वीडियो व फोटो विदेश भेजने का काम कर रहे थे। इसके लिए उन्हें रुपये मिल रहे थे।

मामला सामने आते ही पुलिस महकमे में एक बार फिर हलचल मच गई है। पूछताछ में सभी आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वह योजनाबद्ध तरीके से फोन पर चैट के जरिए विदेशी लोगों से संपर्क में थे। पकड़े गए आरोपियों में मुख्यारोपी बिजनौर के नरवदी नवाड़ा का रहने वाला सुहेल मलिक उर्फ रोमियो है।

उसने पुलिस को बताया कि सभी लोग उसे संवेदनशील क्षेत्रों की वीडियो-फोटो और रेलवे स्टेशनों की वीडियो बनाकर लोकेशन के साथ भेजते थे। इसके बदले में वह उन्हें रुपये देता था। पुलिस को सुहेल के मोबाइल से सुरक्षा बल और रेलवे स्टेशन की वीडियो लोकेशन व विदेशी नंबरों की चैट भी मिली हैं।

सभी रहते थे किराये के मकान में गिरफ्तार हुए सभी आरोपी मूलरूप से बिजनौर, संभल, शाहजहांपुर, बदायूं व अन्य जिलों के रहने वाले हैं। वर्तमान में सभी कौशांबी क्षेत्र में ही किराये के मकान में रह रहे थे। आरोपियों के पास से पुलिस ने आठ मोबाइल भी बरामद किए हैं। एडीसीपी राजकरन नैय्यर ने बताया कि सभी को गिरफ्तार कर प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। कोर्ट में पेश कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जो भी साक्ष्य मिले हैं ।

उनकी गंभीरता से जांच की जा रही है। अभी तक किसी आतंकी संगठन से जुड़े होने की बात फिलहाल सामने नहीं आई है।

### यह लोग हुए गिरफ्तार

» 1- सुहेल मलिक उर्फ रोमियो- बिजनौर के नरगढी नवादा निवासी

» 2- साने इरम उर्फ महक- संभल जिला स्थित ज्ञानपुर सिसौना गांव निवासी

» 3- प्रवीन- कौशांबी थानाक्षेत्र के भोवापुर निवासी

» 4- राज वाल्मिकी- औरैया जिला के गांव बनारसीदास निवासी

» 5- शिवा वाल्मिकी- बदायूं जिले के उझानी स्थित रिसोली गांव निवासी

» 6- रितिक गंगवार- शाहजहांपुर के कटरा थानाक्षेत्र स्थित सुल्तानपुर गांव निवासी

## पालघर में दर्दनाक हादसाः पुलिस की पिटाई के डर से भागे तीन युवक, मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत

महाराष्ट्र के पालघर शहर से एक रूह कंपा देने वाली खबर सामने आई है। पालघर ईस्ट के जैन मंदिर इलाके में पुलिस की कथित कार्रवाई और लाठीचार्ज से बचने की कोशिश में तीन युवकों ने अपनी जान गंवा दी। रेलवे ट्रैक पार करते समय तीनों युवक एक तेज रफ्तार मालगाड़ी की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। चश्मदीदों और परिजनों का आरोप है कि तभी स्थानीय पुलिस वहां पहुंची और अचानक लाठीचार्ज शुरू कर दिया। पुलिस के डर से युवक बदहवास होकर पास के रेलवे ट्रैक की ओर भागने लगे, जहाँ वे सामने से आ रही मालगाड़ी को देख नहीं पाए।यह दुखद घटना पालघर ईस्ट के ओल्ड पालघर स्थित जैन मंदिर के पास हुई। यहां तीन युवक–स्वप्निल शैलेश पालंदे (23), कुणाल कुमार दुबला (23) और अफरोज खलील शेख (28)–जो सभी पालघर ईस्ट के वीरेंद्र नगर के रहने वाले थे, काल के गाल में समा गए। चश्मदीदों और परिजनों के बयानों के अनुसार, जब स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची, तो यह युवकों का समूह वहीं मौजूद था। आरोप है कि पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया, जिससे घबराकर पीड़ित युवक पास ही स्थित रेलवे ट्रैक की ओर भागने लगे। जान बचाने की अपनी इस हताश कोशिश में, वे ट्रैक पार करके सीधे सामने से आ रही एक मालगाड़ी के रास्ते में आ गए, जिसके परिणामस्वरूप उनकी मौके पर ही मौत हो गई।शोक संतप्त परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका दावा है कि लाठीचार्ज पूरी तरह से अकारण था और युवकों के ट्रैक पर भागने के लिए सीधे तौर पर पुलिस ही ज़िम्मेदार है। मृतकों में से एक की बहन दर्शना सिंह और एक रिश्तेदार सूरज सिंह ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए, घटना के कारणों की गहन जांच की मांग की है। उन्होंने बताया कि ये युवक–संभवतः किसी मामूली कहा-सुनी या नियमित जांच-पड़ताल में शामिल थे–पुलिस की कार्रवाई से बुरी तरह डर गए थे, जिसके चलते उन्होंने जान बचाने के लिए रेलवे ट्रैक की ओर दौड़ लगा दी। इस घटना से लोगों में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है।

# गैस की बढ़ती कीमतों के विरोध में आप का प्रदर्शन

» बीपीएस न्यूज

रामपुर। गैस की बढ़ती कीमतों के खिलाफ आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने मोदी मंत्र के तहत नाले के पानी में पाइप डालकर गैस का चूल्हा जलाने का प्रयास किया। महिलाओं ने लोहे के चूल्हे में उपले जलाकर रोटियां बनाई। प्रदेश प्रवक्ता फैसल खां लाला ने कहा कि बढ़ती महंगाई के खिलाफ पार्टी सड़क से सदन तक आवाज उठाती रहेगी।आप कार्यकर्ता शनिवार को बरेली गेट स्थित कार्यालय पर एकत्र हुए। इसके बाद प्रदेश प्रवक्ता और जिलाध्यक्ष अंसार अहमद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। महिला कार्यकर्ताओं ने चूल्हे में उपले जलाकर रोटी पकाई जबकि, पदाधिकारियों ने नाले के पानी से गैस बनाने के मंत्र का इस्तेमाल कर बरेली गेट स्थित नाले में पाइप डालकर गैस का चूल्हा जलाने का प्रयास किया लेकिन, यह प्रयास विफल रहा। प्रदेश प्रवक्ता फैसल खां लाला ने कहा कि वर्तमान समय में देश की जनता लगातार बढ़ती महंगाई से परेशान है। घरेलू गैस के दामों में 60 और कमिर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 120 रुपये की वृद्धि ने आम जनता और छोटे व्यापारियों की परेशानी बढ़ा दी है।

होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड से जुड़े छोटे कारोबारियों के सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया है।इस दौरान यासीन उर्फ गुड्डू खां,सभासद सरफ़राज़ गुड्डू, आरिफ सिकंदर राजू, मोहम्मद आसिफ, वकील अहमद, मोहम्मद तारिक,


शारिक परवेज, मोहम्मद वकील मोहम्मद सलीम, सलीम अहमद, एजाज अहमद, पूर्व प्रधान रईस उद्दीन, इकरार अहमद,सलीम अहमद, जावेद हबीब, फायजा बी,शिराज जमील खां, वासिफ खां, अब्दुल समद, उवैज खां, एहतेशाम खान, तालिब खान,मामून खां,आशु अंसार आदि मौजूद रहे।



# ईरान के नाम पर छाती पीटी तो कर देंगे बढ़िया वाला इलाज, संभल सीओ कुलदीप सिंह का वीडियो वायरल

संभल। संभल में पुलिस प्रशासन ने पीस कमेटी की बैठक कर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि किसी भी हालत में सड़क पर नमाज अदा नहीं की जाएगी। सीओ ने विदेशी मुद्दों पर नारेबाजी, पोस्टर-बैनर या सोशल मीडिया पर भड़काऊ सामग्री से बचने की चेतावनी दी और कहा कि दो देशों के विवाद का असर यहां की कानून व्यवस्था पर नहीं पड़ने दिया जाएगा। संभल कोतवाली परिसर में बृहस्पतिवार को अलविदा जुमे से पहले सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार और सीओ कुलदीप कुमार ने पीस कमेटी के साथ बैठक की। इसमें लोगों को सड़क पर नमाज नहीं पढ़ने की हिदायत दी गई। कहा गया कि सड़क पर नमाज अदा की तो जेल भेज दिया जाएगा।असमोली के सीओ कुलदीप कुमार ने कहा कि ईरान-इस्राइल के बीच जो झगड़ा हो रहा है, उससे यहां के कुछ लोगों को खुजली हो रही है। यदि इतनी ही दिक्कत हो रही है तो जहाज ईरान जाकर भारतीयों को ला रहे हैं तो उसमें बैठकर चले जाओ और ईरान की ओर से लड़ों।लेकिन दो देशों के बीच चल रहे झगड़े का हमारे देश की कानून व्यवस्था पर असर पड़ा तो फिर हम बढ़िया वाला इलाज करेंगे। कहा कि अलविदा हो या जुमा की नमाज, किसी भी देश के विरोध में कोई पट्टी, स्लोगन या नारा नहीं होना चाहिए।हम हिंदुस्तानी हैं और सुकून से रहे हैं। जहां विवाद चल रहा है, वह अंतरराष्ट्रीय मुद्दे हैं, वहां के देश जानें और सुलझा लें। कहा कि ईरान के नाम पर देश में कई जगहों पर ऐसी हरकतें हुई हैं। यह बर्दाश्त लायक नहीं है। यहां ईरान के नाम पर यदि छाती पीटी तो बढ़िया वाला इलाज कर देंगे।पुलिस वहां तक इलाज करेगी, जहां पोस्टर, बैनर या स्लोगन छपते हैं। सीओ ने अपील की यह प्यार और सौहार्द का त्योहार है। मिठाई में कोई कड़वाहट न डाल पाए इसका ध्यान रखा जाए। सोशल मीडिया को लेकर कहा कि कुछ लोग इंट्राग्राम पर रील बनाने के चक्कर में खामेनेई को मार दिया आदि बातें कर रहे हैं।

# साउथ स्टार नानी स्टारर 'आया शेर' तेलुगु में धमाल मचाने के बाद हिंदी में भी रिलीज,!




एस एल वी सिनेमाज के बैनर तले बनी 'द पैराडाइज' का ग्रैंड वर्ल्डवाइड रिलीज़ 21 अगस्त को आठ भाषाओं में होने वाला है। विज़नरी डायरेक्टर, दमदार परफॉर्मेंस और अब साल का सबसे बड़ा म्यूजिकल हिट लेकर यह फिल्म एक ग्लोबल सिनेमैटिक इवेंट बनने की तैयारी में है।

साउथ स्टार नानी स्टारर 'आया शेर' तेलुगु में धमाल मचाने के बाद हिंदी में भी रिलीज कर दिया गया है। तेलुगु वर्जन ने साउथ स्टार नानी के जन्मदिन पर रिलीज होकर चार्ट्स और सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया था और अब हिंदी वर्जन भी उसी अंदाज में लोगों का पसंदीदा बन गया है। तेलुगु वर्जन ने यूट्यूब पर 44 मिलियन से ज्यादा व्यूज और 1 मिलियन से ज्यादा लाइक्स पार कर लिए हैं।

गाना अभी सबसे ट्रेंडिंग ट्रैक्स में से एक बन चुका है। दुनिया भर के फैंस इंस्टाग्राम पर साउथ स्टार नानी के इलेक्ट्रिफाइंग हुक स्टेप को दोहरा रहे हैं और इस ट्रैक से प्रेरित अनगिनत एनर्जेटिक रील्स शेयर कर रहे हैं। 'द पैराडाइज' श्रीकांत ओडेला का एक और बड़ा प्रोजेक्ट है, जिन्होंने अपने डेब्यू फिल्म 'दसरा' से खूब तारीफें बटोरी थीं।

जबरदस्त हाइप के बीच, अनिरुद्ध का पावरफुल साउंडट्रैक, जिसमें अर्जुन चांडी की वॉइस है, फिल्म की इमोशनल गहराई और स्केल को और बढ़ा देता है। फिल्म में नानी के लिए यह एक धमाकेदार इंट्रोडक्शन ट्रैक है। 'आया शेर' को अनिरुद्ध रविचंदर ने कंपोज किया है और सुधान मास्टर ने कोरियोग्राफ किया है।

गाने में रॉ एनर्जी, थिरकते बीट्स और साउथ स्टार नानी की ट्रेडमार्क इंटेंसिटी साफ नजर आती है। उनकी स्क्रीन पर कमांडिंग प्रेजेंस और डायनामिक डांस मूव्स ने इसे एक यादगार सांस्कृतिक पल बना दिया है, जिसे फैंस खुद एक थिएटरिकल स्पेक्ट्रेकल के रूप में सेलिब्रेट कर रहे हैं।

**प्रस्तुति : काली दास पाण्डेय**

# कुरकुरी आलू बनाएं कचौड़ी



ठंड के मौसम में गरमा-गरम कचौड़ी खाने का मजा ही कुछ और होता है। अगर आप रोज की कचौड़ी से कुछ अलग और हेल्दी ट्राय करना चाहते हैं, तो आलू-बथुआ की कचौड़ी एक अच्छा ऑप्शन हो सकता है। सर्दियों में आसानी से मिलने वाले बथुआ के पत्तों से बनी यह कचौड़ी स्वाद के साथ-साथ सेहत के लिए भी फायदेमंद मानी जाती है। आइए जानते हैं घर पर ही आसान तरीके से आलू-बथुआ की कचौड़ी बनाने की पूरी रेसिपी के बारे मेंज

इस स्वादिष्ट कचौड़ी को बनाने के लिए आपको ज्यादा चीजों की जरूरत नहीं होती। इसके लिए मैदा, उबले हुए आलू, बथुआ के पत्ते, हरी मिर्च, जीरा, अदरक-लहसुन पेस्ट, धनिया पाउडर, अमचूर पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, नमक, बारीक कटी धनिया पत्ती और तलने के लिए तेल की जरूरत होती है।

कचौड़ी बनाने का तरीका

एक बर्तन में मैदा लें और उसमें स्वादानुसार नमक और दो बड़े चम्मच तेल डालकर अच्छी तरह मिला लें। अब थोड़ा-थोड़ा पानी डालते हुए नरम आटा गूंथ लें।

आटे को ढककर 15 से 20 मिनट के लिए रख दें, जिससे कचौड़ी अच्छी तरह से फूले।

आटे से छोटी-छोटी लोइयां बना लें और हल्का सा बेल लें। इसके बीच में एक चम्मच आलू-बथुआ का मसाला रखें और किनारों को बंद करते हुए गोल आकार दें। हाथ से हल्का दबाकर कचौड़ी को चपटा कर लें।कड़ाही में तेल गर्म करें और मीडियम आंच पर कचौड़ियों को सुनहरा होने तक तल लें। सभी कचौड़ियों को इसी तरह तलकर निकाल लें।

तैयार आलू-बथुआ की कचौड़ी को गरमा-गरम आलू की सब्जी, हरी चटनी या इमली की चटनी के साथ परोसें।

# चैत्र नवरात्र : आस्था-आधुनिकता से नई ऊर्जा



**वर्तमान तेज रफ्तार और डिजिटल जीवनशैली से घिरे युवाओं के लिए चैत्र नवरात्रि पर्व प्रकृति की नवचेतना और नई ऊर्जा का स्रोत बन जाता है। नौ दिनों का यह पर्व पूजा-पाठ या व्रत-उपवास के लिए ही नहीं बल्कि मानसिक संतुलन, स्वास्थ्य और सांस्कृतिक जुड़ाव के साथ-साथ आध्यात्मिक उन्नति का अवसर है। ये जीवन के चार महत्वपूर्ण आयामों- धर्म, संस्कृति, स्वास्थ्य और आधुनिक जीवनशैली का संतुलित संदेश लेकर आते हैं।**

चैत्र नवरात्रि एक पर्व भर नहीं बल्कि आत्मशुद्धि, अनुशासन, नई ऊर्जा, आस्था, आध्यात्मिकता, आधुनिकता व संतुलित जीवनशैली का समग्र पैकेज हैं। यह ऐसे समय पर आते हैं, जब वसंत ऋतु के आगमन के साथ प्रकृति नई अंगड़ाइयां ले रही होती है। ऐसे में आज की तेज रफ्तार और डिजिटल जीवनशैली से घिरे युवाओं के लिए यह पर्व प्रकृति की नवचेतना और युवा जीवन की नई ऊर्जा का स्रोत बन जाता है। यह पर्व पूजा-पाठ या व्रत-उपवास के लिए ही नहीं बल्कि उनके मानसिक संतुलन, शारीरिक स्वास्थ्य और सांस्कृतिक जुड़ाव के साथ-साथ आध्यात्मिक उन्नति का सबसे बड़ा आधार है। ये नवरात्रि युवाओं के जीवन के चार महत्वपूर्ण आयामों- धर्म, संस्कृति, स्वास्थ्य और आधुनिक जीवनशैली का संतुलित संदेश लेकर आते हैं।चैत्र नवरात्रि का मूल आधार शक्ति की उपासना है। इस महापर्व पर मां दुर्गा के नौ अलग-अलग रूपों की पूजा की जाती है। इस प्रतीक के जरिये इंसान अपने अंदर की छिपी नौ विशेष शक्तियों को जागृत करता है। क्योंकि आज का युवा आध्यात्मिकता को केवल पारपंरिक पूजा तक सीमित नहीं रखता, वह इसे मेडिटेशन, योगा, माइंडफुलनेस और मानसिक संतुलन के रूप में भी अपनाता है। ये नौ दिन इस दृष्टि से आत्मनिरीक्षण का समय बन सकते हैं। बहुत से युवा हाल के कुछ सालों में इन दिनों सोशल मीडिया से दूरी बना लेते हैं और डिजिटल डिटॉक्स कर पाने में सफल रहते हैं। यह भी एक किस्म का ध्यान और योग के अभ्यास जैसा ही है। इससे मानसिक तनाव कम होता है और जीवन में बेहतर समझ व स्पष्टता बढ़ती है। मनोवैज्ञानिक भी मानते हैं कि नियमित ध्यान और प्रार्थना से सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास बढ़ता है। इस प्रकार नवरात्रि युवाओं के लिए एक तरह से स्प्रिचुअल रिचार्ज का समय है।

चैत्र नवरात्रि भारत के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग सांस्कृतिक रूपों में मनाया जाता है। उत्तर भारत में यह रामनवमी तक चलते हैं। महाराष्ट्र में इसी समय गुड़ी पाड़वा मनाया जाता है। पूर्वी भारत में शक्ति पूजा की विशेष परंपरा है। जबकि दक्षिण भारत में यह उगादी के रूप में पारंपरिक कृषि पर्व तथा उत्तर पश्चिमी भारत में यह चेतीचंद और नवरेह के रूप में मनाया जाता है, जो कि अलग-अलग संस्कृतियों का आपस में सम्मिलन का आधार होता है। वास्तव में यह देश के हर क्षेत्र से युवाओं के लिए अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर होता है। इन दिनों कॉलेज और सामाजिक समूहों में दुर्गा स्तुति, भजन संध्या और अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भरमार रहती है। लोकसंगीत और लोकनृत्य भी इस दौरान आयोजित होते हैं। इन सभी आयोजनों के माध्यम से युवा अपनी निजी परंपरा व देश की बहुसांस्कृतिक विरासत से भी मजबूती से जुड़ते हैं।चैत्र नवरात्रि के सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक इसका स्वास्थ्य से जुड़ा होना है। दरअसल नवरात्रि में जो उपवास रखा जाता है, उसका धर्म से ज्यादा हमारे स्वास्थ्य से रिश्ता होता है। दरअसल वसंत ऋतु में जब ये नवरात्रि आते हैं, तब मौसम बदलता है और शरीर को नई परिस्थितियों के अनुसार ढालने के लिए हल्के सात्विक और संतुलित भोजन की दरकरार रहती है। आज के युवा स्वास्थ्य के प्रति ज्यादा कांशेस हैं। इसलिए वे नवरात्रि को डिटॉक्स डाइट के रूप में भी देखते हैं। इस दौरान व्रत के खानपान हमारे स्वास्थ्य के लिए रामबाण साबित होते हैं। जैसे- साबूदाना, कुट्टू, सिंघाड़ा, फल, दूध, सूखे मेवे और दही, ये सब न केवल शरीर के लिए ऊर्जा की आपूर्ति करते हैं बल्कि पाचन के हिसाब से सबसे उपयुक्त होते हैं। इसमें प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और मिनिरल्स की भरपूर मौजूदगी होती है। चैत्र नवरात्र के व्रत शरीर को डिटॉक्स तो करते ही हैं, ऊर्जा से भी परिपूर्ण कर देते हैं।

चैत्र नवरात्रि के समय पारंपरिक पहनावा फैशन में होता है जो सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा है। नवरात्रि के समय मॉडर्न युवा भी पारंपरिक और एथनिक पसंद करता है और लड़कियां भी लहंगा-चोली से लेकर साड़ी-सूट तक को प्राथमिकता देती हैं। इसलिए यह सदियों से चली आ रही पहनावे की संस्कृति का भरपूर फ्यूजन होता है। युवा इंडो-वेस्टर्न लुक के चमचमाते आकर्षण ढूंढ़ लेते हैं।

# फास्ट फूड बना रहा शरीर को खोखला: हेल्थ एक्सपर्ट



**भागदौड़ भारी जिंदगी में हम सभी अपनी सेहत का ख्याल बिल्कुल भी नहीं रखते हैं। बिजी लाइफस्टाइल के कारण लोग अपने खानपान पर इतना ध्यान नहीं देते हैं। इन सब के कारण कहीं न कहीं हेल्दी खान-पान तो छूटता ही जा रहा है। धीरे-धीरे लोग हेल्दी डाइट पर जोर दे रहे हैं। वैसे सोशल मीडिया पर आपको हेल्दी डाइटिंग की कई रील्स देखने को मिल जाएगी। हालांकि, कुछ लोग जिनका जिनका गुजारा फास्ट फूड के बिना नहीं होता। लोग न्यूट्रिशन से भरपूर डाइट को इग्नोर करके स्वादिष्ट फास्ट फूड का सेवन करना चाहते हैं, हालांकि क्या आप जानते हैं कि इसका सेहत पर क्या असर पड़ता है। चलिए आपको बताते हैं फास्ट फूड का सेवन करने से सेहत पर क्या असर पड़ता है।**

**फास्ट फूड खाने से शरीर को क्या नुकसान होते हैं?**

वैसे तो फास्ट फूड का सेवन करना हम सभी को काफी अच्छा लगता है, लेकिन यह हमारी सेहत के लिए ठीक नहीं होता है। इसमें काफी मात्रा में तेल, नमक, चीनी और मसाले होते हैं, जो शरीर को नुकसान पहुंचता है।

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक, अगर आप रोजाना फास्ट फूड का सेवन करते हैं, तो आपका वजन तेजी से बढ़ने लगता है। मोटापा बढ़ने से थकान, सांस लेने में दिक्कत और शरीर में आलस जैसी समस्या होने लगती है।

फास्ट फूड का नियमित और अधिक सेवन पाचन तंत्र पर नकारात्मक असर पड़ता है। इससे पेट सही तरह से काम नहीं कर पाता और गैस, एसिडिटी, पेट दर्द व कब्ज जैसी परेशानियां बार-बार होने लगती हैं। ज्यादा फास्ट फूड खाने से आंतों की कार्यक्षमता घट सकती है और धीरे-धीरे लिवर में चर्बी जमा होने का खतरा भी बढ़ जाता है।

यदि आप अधिक फास्ट फूड खाती हैं तो इसकी वजह से हार्ट हेल्थ पर असर पड़ता है। ज्यादा तला-भुना और नमक वाला खाना खाने से कोलेस्ट्रॉल बढ़ने लगता है।

फास्ट फूड में आवश्यक पोषक तत्वों की मात्रा बेहद कम होती है, जैसे विटामिन, खनिज और फाइबर। इस वजह से इसका सेवन करने पर शरीर को पूरा और संतुलित पोषण नहीं मिल पाता। यदि लंबे समय तक ऐसा भोजन किया जाए तो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो सकती है, जिससे व्यक्ति जल्दी-जल्दी बीमार होने लगता है।

अत्यधिक फास्ट फूड का सेवन करने से कम उम्र में शुगर और बीपी जैसी दिक्कतें भी हो सकती हैं।

इसकी वजह से शरीर सुस्त रहता है और काम करने का मन नहीं करता है।

कई बार तो न्यूट्रिशन की कमी होने के कारण आपका शरीर अंदर से खोखला होने लगता है, जिससे कई बीमारियां अंदर पनप रही होती हैं। जो भी घर पर ही ताजा खाना खाएं।



# गैस एजेंसी द्वारा समय से सिलेंडर उपलब्ध न कराने पर उपभोक्ता टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर पर करें शिकायत

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत एवं वितरण में अनियमितता संबंधी अफवाहों के संबंध में थाना नजीराबाद क्षेत्रांतर्गत चौकी जेके मंदिर में सूचना प्राप्त होने पर सहायक पुलिस आयुक्त स्वरूप नगर एवं प्रभारी निरीक्षक द्वारा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया गया।

मौके पर गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं को नियमानुसार लाइन

लगवाकर गैस सिलेंडर का वितरण सुचारु रूप से कराया गया। निरीक्षण के दौरान कहीं भी गैस की कमी अथवा अव्यवस्था की स्थिति नहीं पाई गई तथा मौके पर शांति व्यवस्था पूर्णतः सामान्य रही।

सभी उपभोक्ताओं से अपील की जाती है



कि गैस सिलेंडर की किल्लत संबंधी किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना या अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही ऐसी अफवाहें फैलाएं। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर संबंधित गैस एजेंसी अथवा प्रशासन से संपर्क कर जानकारी प्राप्त करें।

यदि किसी गैस एजेंसी/डीलर द्वारा गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने में अनावश्यक देरी या असुविधा की जा रही है,

तो उपभोक्ता निम्नलिखित टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

» भारत गैस हेल्पलाइन नंबर
1800-22-4344 (टोल फ्री)
इंडेन गैस कस्टमर केयर नंबर
1800-2333-555 (टोल फ्री)
एचपी गैस कस्टमर केयर नंबर
1800-2333-555 (टोल फ्री )

# 15 दिन से लापता युवक का शव नाले में मिला, परिजन में मचा कोहराम



» बीपीएस न्यूज

फर्रुखाबाद। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव हमीरपुर लालबाग निवासी रिजवान (40) का शव शनिवार शाम पुल गालिब तिराहे से लालबाग जाने वाले नाले में मिला। वह करीब 15 दिन से लापता था। शव मिलने की सूचना मिलते ही परिजन में कोहराम मच गया। रिजवान 26 फरवरी की शाम घर से निकला था। इसके बाद वह वापस घर नहीं पहुंचा। काफी तलाश के बाद उसके भाई इरफान ने दो मार्च को कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई थी।शनिवार शाम नाले के पास बकरियां चरा रहे लोगों को तेज बदबू लगी। इस पर उन्होंने नाले में देखा तो एक शव पड़ा दिखाई दिया। सूचना मिलते ही सीओ राजेश कुमार द्विवेदी और प्रभारी निरीक्षक एमएम चतुर्वेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। शव से तेज बदबू आ रही थी। पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकलवाकर शिनाख्त कराई। इस पर उसकी पहचान रिजवान के रूप में हुई। चौकी प्रभारी सोमवीर सिंह ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने भी नमूने एकत्र किए।भाई इरफान ने बताया कि माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है। रिजवान मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था और शराब पीने का आदी था। आठ माह पहले उसके हाथ में फैक्चर हो गया था। उसके पांच बच्चे अफरान (15), अफसान (10), अयान (8), उमैरा (6) और मुन्नी (3) हैं। पत्नी सबिया बेगम गर्भवती हैं। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। सीओ राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि मामले में गुमशुदगी दर्ज है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रथम दृष्टया आशंका है कि शराब के नशे में नाले में गिरने से उसकी मौत हुई होगी।

## शादी के दूसरे दिन युवती ने चंबल में लगाई छलांग परिजन बता रहे भूत-प्रेत का साया, तलाश जारी



» बीपीएस न्यूज

इटावा। शादी के महज दो दिन बाद नवविवाहिता ने चंबल नदी में छलांग लगा दी। पुलिस ने स्थानीय गोताखोर व मोटर वोट से महिला की खोजबीन करवाई लेकिन देर रात उसका कुछ सुराग नहीं लग सका। इटावा के मोहल्ला कटरा समशेर खां निवासी अशोक कुमार की पुत्री भावना दिवाकर (23) की शादी 12 मार्च को सहसों थाना क्षेत्र के गांव हनुमंतपुरा निवासी सत्यवीर के साथ हुई थी। भावना की बुआ उर्मिला देवी के अनुसार उस पर भूत-प्रेत का साया था। इसी कारण शनिवार शाम करीब आठ बजे बुआ उर्मिला देवी और उसका भाई अजय कुमार उसे बाइक से मायके इटावा लेकर जा रहे थे।इसी दौरान जब बाइक चकरनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत चंबल पुल पर पहुंची तो भावना अचानक बाइक से उतर गई। परिजन जब तक कुछ समझ पाते तब तक उसने चंबल नदी में छलांग लगा दी। सूचना मिलते ही पुलिस और ससुरालीजन मौके पर पहुंच गए। मोटर बोट मंगाकर नदी में तलाश शुरू कराई गई। थानाध्यक्ष बलराम मिश्रा ने बताया कि कूदने का कोई कारण अभी स्पष्ट नहीं हो रहा है।

## पहाड़ा न सुनाने पर कक्षा एक की छात्रा की पिटाई परिजनों में आक्रोश

» बीपीएस न्यूज

कन्नौज । छात्रा की पिटाई के मामले में बीईओ ने कहा कि शिकायत मिलने पर विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई होगी।विशुनगढ़ क्षेत्र के ग्राम असालताबाद स्थित एक निजी स्कूल में कक्षा एक की छात्रा को शिक्षिका द्वारा बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। पिटाई से छात्रा को गंभीर चोटें आई हैं। परिजनों ने छात्रा को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया है।

विशुनगढ़ क्षेत्र के सरदामई निवासी प्रमोद कुमार की पुत्री माही (6) निजी स्कूल में कक्षा एक की छात्रा है।परिजनों का आरोप है कि छात्रा पहाड़ा सही से नहीं सुना पाई, जिस पर शिक्षिका ने गुस्से में आकर डंडे से उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। इससे बच्ची के शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। छात्रा के पिता ने बताया कि इससे पहले भी शिक्षिका ने उनकी बेटी को बुरी तरह पीटा था, जिसकी शिकायत उन्होंने विद्यालय के प्रधानाचार्य से की थी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक नवीन चौहान ने बताया कि अभिभावक की शिकायत मिलने पर आरोपी शिक्षिका को स्कूल से हटा दिया गया है।

वहीं, बीईओ आनंद द्विवेदी ने बताया कि उनके पास अभी तक इस संबंध में कोई शिकायत नहीं आई है।पिटाई से छात्रा को गंभीर चोटें आई हैं। परिजनों ने छात्रा को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया है। विशुनगढ़ क्षेत्र के सरदामई निवासी प्रमोद कुमार की पुत्री माही (6) निजी स्कूल में कक्षा एक की छात्रा है।परिजनों का आरोप है कि छात्रा पहाड़ा सही से नहीं सुना पाई, शिकायत मिलने पर जांच कर विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# पति की तेरहवीं के दूसरे दिन दी जान बोली विरह सह नहीं सकतीं, नहीं थी संतान



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। पत्नी ने फंदा लगाने से पहले वीडियो बनाकर व्हाट्सएप पर स्टेटस भी लगाया। घटना पीडीनगर मोहल्ले की है। पति की तेरहवीं के एक दिन बाद महिला ने शनिवार सुबह फंदा लगाकर जान दे दी। इससे पहले उसने वीडियो बनाकर व्हाट्सएप पर स्टेटस भी लगाया। वीडियो में उसने कहा, माता-पिता की मौत के बाद वह पति से विरह सहन नहीं कर सकतीं। परिजन से अंतिम संस्कार करने और प्लॉट में पति के साथ अपनी मूर्ति लगवाने की इच्छा जताई। घटना सदर कोतवाली के पीडीनगर मोहल्ले में हुई।पीडीनगर निवासी अशोक उर्फ बबलू की दो मार्च को बीमारी से मौत हो गई थी। छोटे भाई रोहित ने बताया कि अशोक की मौत के बाद भाभी आरती उर्फ एकता (28) ने बहुत आहत थीं। उनके कोई संतान न होने से वह खुद को अकेला बताकर रोती रहती थीं। शुक्रवार को अशोक की तेरहवीं थी। शनिवार सुबह भाभी ने आत्मघाती कदम उठा लिया। आरती ने अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर एक वीडियो साझा किया है।वीडियो में उन्होंने कहा, सभी लोगों को नमस्कार... मेरा अंतिम संस्कार अच्छे से कर देना। पति के बगैर मैं जी नहीं सकती। इतनी ताकत नहीं है कि तीन साल में तीन-तीन मौतें सहन कर सकें। माता-पिता के बाद अब पति भी छोड़कर चले गए। वह पति से विरह सहन नहीं कर सकतीं। रोहित के अनुसार स्टेटस देखकर पास में रहने वाली मौसी तुरंत पहुंची लेकिन तब तक भाभी की मौत हो चुकी थी।सूचना पाकर मौके पर पहुंचे अस्पताल चौकी इंचार्ज अंजनी सिंह ने फंदे से उतरवाकर शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने आरती के मोबाइल को भी कब्जे में लिया है। कोतवाल चंद्रकांत मिश्रा ने महिला ने फंदे से लटककर जान देने और व्हाट्सएप स्टेटस लगाने की पुष्टि की है।बर्दाश्त नहीं कर सकीं पति की मौत का सदमारोहित के अनुसार, भाभी आरती अपने माता-पिता की इकलौती संतान थीं। वह भैया के साथ पीडीनगर मोहल्ला में अपने माता-पिता के साथ रहती थीं। बीते दो साल में पहले उनकी मां और फिर पिता की बीमारी से मौत हो गई थी। इस दुख से वह उबर भी न पाई थीं। अब पति की भी बीमारी से मौत हो गई थी। भाइया-भाभी के कोई संतान नहीं थी जिससे उनका अकेलापन और बढ़ गया था। वह पति की मौत का सदमा बर्दाश्त नहीं कर सकीं।वीडियो में अंतिम इच्छाएंआरती ने वीडियो के माध्यम से परिजन से अंतिम संस्कार अच्छे से करने का आग्रह किया। साथ ही घर के पास ही खाली पड़े प्लॉट पर अपनी और पति की मूर्ति लगवाने की बात कही है। वीडियो में उन्होंने अपने दुख को व्यक्त करते हुए कहा... एक लड़की को माता-पिता के बाद पति ही प्यार करता है।

पति ही सहारा होता है। भगवान ने मुझसे तीनों लोग छीन लिए। लोग सांत्वना देते हैं... सब अच्छा हो जाएगा लेकिन कब। अब वह जीना नहीं चाहतीं।वीडियो महत्वपूर्ण साक्ष्य, आगे की जांच जारीपुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है ताकि मौत के कारणों की पुष्टि हो सके। देवर रोहित ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि आरती अपने माता-पिता और पति तीनों को खोने के बाद गहरे सदमे में थीं। उन्होंने बताया कि भाभी ने वीडियो में अपने अकेलेपन और मानसिक पीड़ा को उजागर किया है। पुलिस ने आरती के व्हाट्सएप स्टेटस वीडियो को बतौर साक्ष्य कब्जे में लिया है और आगे की जांच जारी है।

## गंगा में नहाते समय तीन दोस्त डूबे, एक की मौत गोताखोरों ने दो को सकुशल बाहर निकाला



» बीपीएस न्यूज

फतेहपुर। गंगा नदी में नहाते समय शुक्रवार शाम तीन युवक गहराई में चले जाने से डूब गए। हादसा देखकर आसपास के लोगों ने तीनों को बाहर निकाला। पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने एक को मृत घोषित कर दिया। सदर कोतवाली क्षेत्र के पनी मोहल्ला निवासी सनी वर्मा (20) अपने दोस्त हिमांशु और प्रिंस के साथ गंगा नहाने भिटौरा ओम घाट गया था। तीनों अचानक गहरे पानी में चले जाने से डूब गए। गोताखोरों की मशक्कत से तीनों को बाहर निकाला गया। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने सनी को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पिता धर्मेंद्र व अन्य परिजन जिला अस्पताल पहुंचे। उसके दो साथियों को भर्ती किया गया है। प्रभारी निरीक्षक आलोक पांडेय ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# कोल्ड स्टोर में अमोनिया गैस का रिसाव, 500 मीटर तक मची अफरा-तफरी



» बीपीएस न्यूज

फतेहपुर। धाता थाना क्षेत्र के देवरार गांव के पास स्थित अभय कोल्ड स्टोर में शुक्रवार रात करीब नौ बजे अमोनिया गैस का रिसाव हो गया। गैस की तेज दुर्गंध फैलते ही कोल्ड स्टोर में मौजूद कर्मियों में भगदड़ मच गई। पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची। तब तक गैस की दुर्गंध करीब 500 मीटर तक फैल गई जिससे आसपास के गांवों के ग्रामीणों में अफरातफरी मच गई। करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद रिसाव पर काबू पाया जा सका।दमकल विभाग की विभाग ने बताया कि प्लांट में पाइप लीकेज होने से अमोनिया गैस का रिसाव शुरू हो गया। दुर्गंध महसूस होने पर ऑपरेटर ने मैनेजर सौरभ को सूचना दी। कोल्ड स्टोर में मौजूद करीब 70 से 80 कर्मियों को तुरंत बाहर निकाल लिया गया। स्टोर की मैकेनिकल टीम ने टैंक का वाल्व बंद कर गैस के प्रवाह को रोकने की कोशिश की लेकिन पाइप में मौजूद गैस का रिसाव जारी रहा।सूचना पर खागा दमकल टीम और सीएफओ जसबीर सिंह मौके पर पहुंचे। रात करीब 11 बजे दमकल कर्मियों ने पानी की बौछार कर प्लांट के अंदर फैली गैस को नियंत्रित किया।

इस दौरान नायब तहसीलदार अशोक कुमार कुशवाहा, धाता पुलिस और कौशाम्बी की दमकल टीम भी मौके पर पहुंच गई। दमकल और टेक्नीशियन लायक सिंह की मदद से करीब चार घंटे बाद गैस रिसाव पूरी तरह बंद कराया जा सका। सीएफओ जसबीर सिंह ने बताया कि पाइप लीकेज के कारण अमोनिया गैस का रिसाव हुआ था। इसे ठीक कर हालात सामान्य कर दिए गए हैं। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय ने बताया कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ और सभी लोग सुरक्षित हैं।आंखों में जलन से घरों से बाहर निकले लोगगैस रिसाव का असर आसपास के सेमरहटा, देवरार और दिलदार का पुरवा गांवों में भी महसूस किया गया। दुर्गंध और आंखों में जलन होने पर ग्रामीण घरों से बाहर निकल आए।

स्थिति को देखते हुए पुलिस ने लोगों को गीले कपड़े या मास्क से चेहरा ढकने की सलाह दी।कार्यक्रम से भागे ग्रामीणगैस रिसाव के दौरान दिलदार का पुरवा गांव में अशोक सिंह के यहां जन्मोत्सव का कार्यक्रम चल रहा था जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

ऐमापुर के लल्लू सिंह, शुकुलपुर के अंकित सिंह और बरहटा के नफीस ने बताया कि अचानक गैस की तेज दुर्गंध फैल गई और आंखों में जलन होने लगी। इसके बाद लोग तुरंत वहां से निकलकर बाइक से अपने गांवों की ओर चले गए। यह स्थान कोल्ड स्टोर से करीब 500 मीटर दूर है।

## साइकिल सवार को बचाने में खंती में गिरी बाइक, महिला की मौत

कालिंजर। थानाक्षेत्र में शनिवार को साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में बाइक सवार दंपती खंती में जा गिरे। इस हादसे में बाइक पर पीछे बैठी महिला की मौत हो गई। वहीं पति भी घायल हो गए। उनका इलाज चल रहा है। छतैनी गांव निवासी बुद्धिविलास यादव पत्नी शेषा देवी के साथ रिश्तेदारी में जा रहे थे। सढ़ा गांव स्थित टंकी के पास अचानक एक साइकिल सवार सामने आ गया। उसे बचाने के प्रयास में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में जा गिरी।हादसे में शेषा देवी दूर जा गिरीं और उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। परिजन उन्हें अस्पताल ले जा रहे थे पर रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। पीड़ित पति ने आरोप लगाया कि एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंची। 45 मिनट तक पत्नी घटनास्थल पर अचेत अवस्था में तड़पती रहीं। कई बार डायल 108 एंबुलेंस को फोन किया गया, पर हर बार टाल दिया गया। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सिलिंडर पर्याप्त लेकिन सर्वर ने बढ़ाई धड़कन: अफवाहों के बीच ग्राहकों को राहत, मिनटों में मिली डिलीवरी



» बीपीएस न्यूज

कानपुर घाटमपुर में गैस सिलिंडरों की कोई कमी नहीं है और एजेंसियां सुचारू रूप से चल रही हैं। सर्वर डाउन होने से बुकिंग में थोड़ी देरी हो रही है, जिसे लेकर अफवाहों से बचने की सलाह दी गई है।कानपुर में गैस किल्लत की अफवाहों के बीच घाटमपुर कस्बे की स्थिति सामान्य बनी हुई है। यहां इंडेन गैस की दोनों प्रमुख एजेंसियों पर सिलिंडरों का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और प्रतिदिन की तरह लोडिंग जारी है। हालांकि, ऑनलाइन बुकिंग में आ रही तकनीकी दिक्कतों और सर्वर डाउन होने की वजह से उपभोक्ताओं को थोड़े धैर्य की परीक्षा देनी पड़ रही है।गैस सिलिंडर संकटः सर्वर दे रहा दगा तो एजेंसियों पर जुट रही भीड़, बुकिंग न होने से उपभोक्ता परेशान कोरिया निवासी कृष्ण बिहारी ने बताया कि सर्वर के कारण बुकिंग में थोड़ी मशक्कत हुई, लेकिन एक-दो प्रयासों के बाद बुकिंग सफल रही। एजेंसी पहुंचने के मात्र पांच मिनट के भीतर उन्हें भरा हुआ सिलिंडर मिल गया। वहीं, कस्बे के शिवकुमार ने भी यही बात दोहराई। मौके पर केवल चार-पांच लोग ही नजर आए, जिससे स्पष्ट है कि भीड़ जैसी स्थिति नहीं है।अपील- अफवाहों पर न दें ध्यान माधव विजय इंडेन गैस एजेंसी के संचालक विजय मिश्र ने स्पष्ट किया कि गैस की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कह कि लोग अफवाहों के कारण घबरा रहे हैं।

सर्वर की समस्या अस्थाई है, थोड़े प्रयास के बाद ऑनलाइन बुकिंग हो जाती है। हमारे पास पर्याप्त स्टॉक है और हम तत्काल सिलिंडर उपलब्ध करा रहे हैं।

शादी वाले घरों में अब भी संकटकस्बे में जहां घरेलू उपभोक्ताओं को राहत है, वहीं मांगलिक कार्यक्रमों वाले परिवारों को मशक्कत करनी पड़ रही है। हमीरपुर रोड स्थित श्रेया गेस्ट हाउस के संचालक ने बताया कि शादियों का सीजन होने के कारण सिलिंडरों की खपत ज्यादा है। ऐसे में समय पर बुकिंग न होने पर लोग रिश्तेदारों और परिचितों से सिलिंडर उधार लेकर काम चलाने को मजबूर हैं।

## केडीए टीम से अभद्रता व मारपीट में महंत समेत छह पर रिपोर्ट दर्ज

कानपुर । कल्याणपुर थाना क्षेत्र के इंदिरानगर स्थित मां आशा देवी मंदिर के महंत आशुतोष गिरी समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है। दर्ज रिपोर्ट के अनुसार 12 मार्च को केडीए के सुपरवाइजर मनोज कुमार और राम अवतार के नेतृत्व में प्रवर्तन दस्ता इंदिरानगर स्थित एक प्लॉट पर ध्वस्तीकरण का नोटिस चस्पा करने गया था। तभी वहां मौजूद मां आशा देवी मंदिर के महंत आशुतोष गिरी से टीम की कहासुनी हो गई।केडीए कर्मियों का आरोप है कि महंत आशुतोष गिरी और उनके पांच साथियों ने टीम के साथ गाली-गलौज करते हुए अभद्रता की और मारपीट कर दी। आरोपियों ने अपना पालतू कुत्ता भी छोड़ दिया। कर्मचारियों को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर महंत आशुतोष गिरी समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कल्याणपुर इंस्पेक्टर संतोष सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

## सिलेंडर लेने आई युवती को एजेंसी की महिला कर्मी ने जड़ा तमाचा, हंगामा होने के बाद पहुंची पुलिस

कानपुर पुलिस के मुताबिक एजेंसी की एक महिला कर्मी पर तमाचा मारने का आरोप लगाकर उपभोक्ताओं ने हंगामा किया था। सीसीटीवी चेक किए जा रहे हैं। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। चकेरी रामादेवी चौराहे के पास शनिवार को सिलिंडर लेने के दौरान एजेंसी की महिला कर्मी ने एक युवती को तमाचा जड़ दिया। इस दौरान वहां पर हंगामा शुरू हो गया। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत कराया। जाजमऊ की पुरानी चुंगी निवासी पलक सिंह ने पुलिस को बताया कि शनिवार सुबह गैस सिलिंडर लेने के लिए समृद्धि गैस एजेंसी पहुंचीं। तभी एक महिला कर्मी ने सिलेंडर न देने की बात कहकर अभद्रता करते हुए तमाचा जड़ दिया।कानपुरः एचएएल टाउनशिप के सामने सिलिंडर के लिए लगी भीड़ में विवाद, महिला ने युवती को थप्पड़ मारायह देख उपभोक्ताओं ने हंगामा शुरू कर दिया। इस पर महिला कर्मी उन लोगों पर भी भड़क गई। पीड़िता ने बताया कि वह सुबह सिलिंडर लेने आई थी। आरोप है कि गैस एजेंसी की महिलाकर्मी सभी से पासबुक छीनने लगी। इसी को लेकर विवाद हो गया। चकेरी थाने के एसएसआई भानु प्रताप सिंह फोर्स के साथ पहुंचे। उन्होंने बताया कि एजेंसी की एक महिला कर्मी पर तमाचा मारने का आरोप लगाकर उपभोक्ताओं ने हंगामा किया था। सीसीटीवी चेक किए जा रहे हैं। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# नितिन अग्रवाल बोले- कुछ लोग बरसाती मेढ़क की तरह पांच साल में एक ही बार दिखते

» बीपीएस न्यूज



हरदोई । जगदीशपुर और सुमई में आयोजित होली मिलन समारोह में आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल शनिवार को पूरी रौ में नजर आए। सुमई में लगभग 52 लाख रुपये के लोकार्पण करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ लोग बरसाती मेढ़क की तरह पांच साल में चुनाव में ही नजर आते हैं। चुनाव होते ही गायब हो जाते हैं। आबकारी मंत्री ने समूहों की महिलाओं को लगभग 68 लाख रुपये की चेक भी वितरित कीं।कुरसेली के प्रधान प्रतिनिधि राम सेवक की ओर से सुमई में आयोजित होली मिलन समारोह में उमड़ी भीड़ से गदगद आबकारी मंत्री खुलकर बोले। उन्होंने कहा कि जनता के लिए दरवाजे हमेशा की तरह खुले रहते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता के सुखदुख में साथ रहना कर्तव्य है। विधानसभा चुनाव में आने वाले दावेदारों को लेकर एक कहानी के माध्यम से उन्होंने कटाक्ष भी किया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने कहा कि पति पीके वर्मा ने सुमई से ही राजनीति की शुरूआत की थी। कहा कि पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल ने जिला पंचायत सदस्य और जिला पंचायत अध्यक्ष बनाया। उनका एहसान कभी नहीं भुलाया जा सकता।प्रधान प्रतिनिधि राम सेवक ने चांदी का मुकुट पहनाकर आबकारी मंत्री और जिला पंचायत अध्यक्ष का स्वागत किया। इस दौरान हरियावां के ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शशांक सिंह, क्रय विक्रय सहकारी समिति के सभापति सुशील अवस्थी, राजीव सिंह टेनी, मुनेंद्र सिंह, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य राम किशोर कटियार, रवीश मिश्रा, आदि मौजूद रहे। संचालन नागेंद्र ने किया। जगदीशपुर के समारोह में आबकारी मंत्री ने विकास कार्यों को गिनाया। इस दौरान ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह, आशीष सिंह सोलंकी, सौरभ सिंह गौर, नाजिम खां, शिव प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

# पुलिस उपायुक्त दक्षिण द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा एवं व्यवस्था संबंधी तैयारियों का लिया गया जायजा




» बीपीएस न्यूज

कानपुर। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उपनिरीक्षक (नागरिक पुलिस) एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्तीङ्क2025 की लिखित परीक्षा की द्वितीय पाली के दृष्टिगत, पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी द्वारा अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिण के साथ दक्षिण जोन में स्थित विभिन्न परीक्षा केन्द्र चाचा नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज, मोहन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, श्रीमती माया देवी बालिका इंटर कॉलेज, खालसा गर्ल्स इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा एवं व्यवस्था संबंधी तैयारियों का जायजा लिया गया।

ड्यूटी पर तैनात समस्त पुलिस कर्मियों को ब्रीफ करते हुए परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही सभी को पूर्ण सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया।सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल तैनातकर शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न कराई जा रही है, भर्ती बोर्ड द्वारा जारी सभी दिशा निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन कराया जा रहा है।

# जिला न्यायाधीश अनमोल पाल द्वारा दीप प्रज्जवलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का किया गया शुभारम्भ

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। दूसरे शनिवार को माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर नगर के तत्वाधान एवं माननीय जनपद न्यायाधीश जनपद कानपुर नगर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की गयी।माननीय जनपद न्यायाधीश अनमोल पाल द्वारा दीप प्रज्जवलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ किया गया। उनके द्वारा बताया गया कि आज हम सब लोग राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन पर यहां एकत्र हुए है और हमारा यह प्रयास होना चाहिए कि अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कर आम जनमानस तक इसका लाभ पहुचाते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जाए। उक्त कार्यक्रम के समय समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं कानपुर बार एसोसियेशन व लायर्स एसोसियेशन के अध्यक्ष व महामंत्री उपस्थित रहे।



उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन में आपराधिक शमनीय वाद, वैवाहिक वाद, सिविल वाद, मोटर ङ्क दुर्घटना वाद, राजस्व वाद, आरबीट्रेशन वादों के साथ- साथ बैंक व बीमा कम्पनी में लम्बित वादों को प्री-लिटिगेशन स्तर पर सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया।उल्लेखनीय है कि श्रीमान पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (साउथ) द्वारा ज्95.. वाद, श्रीमान पीठासीन अधिकारीगण मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (नार्थ) द्वारा ज्83ज वाद, श्रीमान प्रधान न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय द्वाराज्05ज्वाद, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कानपुर नगर द्वारा ज.36212ज्वाद, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट, कानपुर नगर द्वाराज्2290ज्वाद का निस्तारण किया गया इस प्रकार जनपद न्यायालय, कानपुर नगर के न्यायिक अधिकारीगण द्वारा कुल ज्81,493ज्वादों का निस्तारण कर कुल ज्17,86,06,684=00 रु0 धनराशि दिलायी / वसूल की गयी, प्रीलिटीगेशन स्तर पर बैंक व टेलीकाम कम्पनी द्वारा ज.1105ज्वादो का निस्तारण कर कुल धनराशि- ज.7,76,88,493=00ज रु0 वसूल की गयी।

प्रशासनिक अधिकारीगण द्वारा कुल ङ्क ज.155738ज. वादों का निस्तारण किया गया, इस प्रकार जनपद कानपुर नगर में कुल ङ्क 2,38,336 वादों का निस्तारण कर कुल 25,62,95,177=00 रु0 धनराशि दिलायी / वसूल की गयी।उपरोक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय लोक अदालत का विवरण सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुदेश कुमारी द्वारा बताया गया एवं रश्मि सिंह, नोडल अधिकारी, लोक अदालत द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

# अलविदा जुम्मा की नमाज के दृष्टिगत पुलिस उपायुक्त दक्षिण द्वारा क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा

**» अफवाह पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई करने हेतु दिए निर्देश**



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। अलविदा जुम्मा की नमाज के दृष्टिगत जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी द्वारा अपर पुलिस उपायुक्त योगेश कुमार के साथ पर्याप्त पुलिस बल की उपस्थिति में थाना बाबूपुरवा एवं थाना नौबस्ता अंतर्गत मछरिया में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।पुलिस उपायुक्त दक्षिण द्वारा ड्यूटी पर मौजूद पुलिस बल को चेक किया गया व पैदल गश्त एवं रूट मार्च कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। ड्यूटी में लगाए गए पुलिस कर्मियों को सतर्कता बरतने, भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था सुचारु रखने तथा किसी भी अफवाह पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।मौके पर सहायक पुलिस आयुक्त बाबूपुरवा, सहायक पुलिस आयुक्त नौबस्ता, प्रभारी निरीक्षक बाबू पुरवा / प्रभारी निरीक्षक नौबस्ता सहित सम्बंधित पुलिस बल मौजूद रहे।

# कंटेनर- ट्रेलर व 54 यात्रियों से भरी बस आपस में टकराई 2 की हुई मौत, 20 घायल

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। थाना पनकी क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर रतनसागर पहली पुलिया के ऊपर रैमसागर गैस प्लांट चौराहे के पास प्रातः लगभग 05ऱ00 बजे एक सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें एक कंटेनर, एक ट्रेलर तथा एक यात्री बस आपस में टकरा गए। बस में कुल 54 यात्री सवार थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कंटेनर संख्या ॥क्र5ङ्ग7101 किसी अज्ञात वाहन से सामने से टकरा गया। टक्कर के बाद चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाए जाने से पीछे चल रहा ट्रेलर संख्या क्क्45ञ्ञ9115 कंटेनर से टकरा गया। इसके बाद पीछे आ रही बस संख्या ॅक्र20ष्ट1811 ट्रेलर से टकरा गई।



उक्त दुर्घटना में बस में सवार 54 यात्रियों में से 02 की मृत्यु हो गई। मृतकों में विनोद यादव उर्फ मनोज निवासी ग्राम कुमरी, थाना पीपल, जिला नासिक तथा भागीरथी (पता अज्ञात) शामिल हैं। लगभग 02 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए तथा 20 यात्रियों को मध्यम चोटें आई हैं। अन्य यात्रियों को हल्की चोटें आई हैं। सभी घायलों का उपचार कानपुर के हैलट अस्पताल में किया जा रहा है।इस प्रकरण में नासिक के जिलाधिकारी आयुष प्रसाद द्वारा कानपुर नगर के जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह से संपर्क किया गया। सूचना प्राप्त होते ही जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर भेजकर घायलों के त्वरित उपचार तथा राहत व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराईं। अपर जिलाधिकारी (नगर) राजेश कुमार द्वारा हैलट अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल लिया गया और चिकित्सकीय व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की गई।दुर्घटना की सूचना पर परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा भी घटनास्थल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। विध्यांचल कुमार गुप्ता, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), कानपुर नगर, कहकशां खातून, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), कानपुर नगर तथा दिनेश कुमार, यात्री/मालकर अधिकारी, कानपुर नगर द्वारा मौके पर निरीक्षण किया गया। वहीं राहुल श्रीवास्तव, संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), कानपुर तथा दीपक सिंह, यात्री/मालकर अधिकारी, कानपुर नगर द्वारा हैलट अस्पताल पहुंचकर घायलों के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की गई।

एआरटीओ कहकशां खातून ने बताया कि घायलों के उपचार उपरांत स्वस्थ होने पर जिला प्रशासन के सहयोग से वाहन व्यवस्था कर यात्रियों को उनके गंतव्य तक भेजने की व्यवस्था की जा रही है।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

**» पुलिस ने पंचनामा भर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा**

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने पत्रकारों को बताया कि प्रातः लगभग 05ऱ30 बजे यूपी-112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि विश्व बैंक, बर्रा क्षेत्र में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई है। सूचना पर स्थानीय थाना की टीम व अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा फोरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। मृतका की शादी लगभग 6 वर्ष पूर्व हुई थी। प्रकरण गंभीर प्रकृति का होने के कारण शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम हेतु भेजा गया है।


मृत्यु का वास्तविक कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। परिजन की ओर से अभी तक कोई भी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर प्राप्त होने पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।















बीपीएस न्यूज
(साप्ताहिक समाचार पत्र)
मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/2016/66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, संपादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502, व्हाट्सअप 9335908846
email:bps.knp786@gmail.com, info@bpsnews.in , www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनो के अंदर भेजे।